

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक





रांची, बुधवार, 26 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -249 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# बजट सत्र : राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद सदन कल 11 बजे तक स्थगित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई. इस दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल भी आयोजित किए गए. हालांकि चर्चा के दौरान कई बार हंगामा भी हुआ.

**सदन की कार्यवाही स्थगित**

अभिभाषण पर चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और उसके समर्थन में सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा पक्ष रखे जाने पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया.

**सभा का संचालन नियम के तहत: स्पीकर**

स्पीकर ने कहा कि सभा का संचालन नियम के तहत ही हो रहा है. उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष के मुख्य दल द्वारा पक्ष रखे जाने के बाद भाजपा की बारी आएगी.



**राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा का हमला**

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि अभी तो नई-नई सरकार बनी है, अभी किसी को कुछ नहीं कहेंगे.

**निश्चय पत्र में किए गए वादे**

सीपी सिंह ने निश्चय पत्र को दिखाते हुए कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर नियुक्ति की जाएगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक माह महिलाओं को रु1000 दिया जाएगा, लेकिन जनवरी और फरवरी की राशि अभी तक नहीं मिली है.

**अतिक्रमण हटाओ अभियान और अपराधियों को संरक्षण**

सीपी सिंह ने रांची में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, खनिज लूट रही है और बालू लूट रही है. राज्य में छिनतई और हत्या की घटनाएं रोजाना हो रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है.

**राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया**

सीपी सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया और कहा कि सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया है. उन्होंने कहा कि रांची में पुलिस के संरक्षण में नशाखोरी हो रही है और अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय के सामने पिंडदान कर रहे हैं. कहा कि 75 प्रतिशत निजी क्षेत्र में रोजगार मिल रहा है, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ है. पांच वर्षों तक उपयोग में नहीं लाई गई अधिग्रहित भूमि रैयतों को लौटाई जाएगी, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है. गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रति माह चूल्हा खर्च का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हुआ है.

**सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार**

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों में वफा ढूंढना बेकार है, क्योंकि वे जहर की शीशी में दवा ढूंढ रहे हैं. राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाए और कहा कि इसमें असत्य बातें कही गई हैं. उन्होंने कहा कि सरकार को कम से कम ऐसे असत्य का पुलिंदा महामहिम राज्यपाल से नहीं पढ़वाना चाहिए. संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण ने सीपी सिंह के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा कहना सही नहीं है.

**मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में हो रही है चर्चा: प्रदीप**

विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोलते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और इसके साथ ही बिजली बिल माफी और अबुआ आवास योजना ने भी धूम मचा रखी है. यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है. झारखंड सरकार ने दो बार किसानों का कर्ज माफ किया है. पहली बार 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ हुआ था, जबकि इस बार 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ हो रहा है. 2024-25 में 7625 आवेदन स्वीकृत हुए, और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी ऋण दिया गया है.

**कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म: जयराम महतो**

जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है. उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं, जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है. इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैं. उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए. विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा है कि लगता है इस राज्य में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन चल रहा है.

# जैक पेपर लीक मामला : गिरिडीह के बरगंडा में बड़ा छापा, 6 लोग गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**गिरिडीह।** मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के मामले में कोडरमा की पुलिस ने गिरिडीह में छापेमारी की है. इस दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. कोडरमा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई है. गिरिडीह पुलिस के साथ मिलकर कोडरमा पुलिस ने बरगंडा में दबिश दी है. इस बात की भी चर्चा है कि जिन 6 लोगों को पकड़ा गया है, उनमें में ही मास्टर माइंड है.

**परीक्षा से पहले हो गया था प्रश्न पत्र वायरल**

मंगलवार की सुबह से चल रही कार्रवाई के दरमियान कई बातों का पता लगाया जा रहा है. बता दें कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा ली जा रही मैट्रिक की परीक्षा के दो पेपर क्रमशः हिंदी और विज्ञान का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही वायरल हो गया था. जब परीक्षा हुई तो वायरल प्रश्न पत्र और परीक्षार्थियों को मिले प्रश्न पत्र का सवाल हूबहू था. ऐसे में जैक ने तुरंत ही दोनों विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया. वहीं, गिरिडीह तथा कोडरमा के डीसी को 24 घंटे के अंदर जांच करते हुए रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया. दोनों जिला के अधिकारियों ने जांच टीम का गठन किया और पड़ताल शुरू की गई. इस बीच कोडरमा की पुलिस ने दूसरे दिन ही



दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया. इनसे पूछताछ के बाद लगातार कार्रवाई की जाने लगी. पिछले तीन चार दिनों के अंदर कोडरमा पुलिस के द्वारा गिरिडीह में चौथी दफा दबिश दी गई है. इससे पहले रविवार को भी सात छात्रों से पूछताछ की गई थी. इधर, एक के बाद एक छापेमारी के बाद जिले में चर्चा का बाजार गर्म है. चर्चा है कि आखिर जिले से इस पेपर लीक का कितना गहरा संबंध है. क्या यहां के लोग लीक में शामिल थे या फिर वायरल करने में, क्या कुछ लोगों ने इस मामले में उगाही भी की है. जिसके बाद कोडरमा पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है. पेपर लीक मामले में कोडरमा पुलिस ने सबसे पहले मरकच्चो के एक स्कूल संचालक प्रशांत साव उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया. उसके बाद हजारीबाग में एक कोचिंग में पढ़ाई कर रहे युवक आशीष को गिरफ्तार किया।

# एडवांटेज असम समिट : पीएम ने कहा, असम का लक्ष्य 2030 तक अर्थव्यवस्था को 150 बिलियन तक पहुंचाना है

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में इस क्षेत्र में कई शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं. काफी समय से लंबित सीमा संबंधी मुद्दों का समाधान किया गया है. हर नागरिक, हर युवा असम के विकास के लिए दिन-रात काम कर रहा है. श्री मोदी आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट में बोल रहे थे.

**हमने व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार काम किया है**

पीएम ने कहा, हमने व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार काम किया है, हमने उद्योग और नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक पूरा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है. सरकार देश के बुनियादी ढांचे में भी बड़ा निवेश कर रही है. कहा कि संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढांचे और नवाचार का यह संयोजन है. भारत की प्रगति



का आधार असम ने 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था को 150 बिलियन तक ले जाने का लक्ष्य रखा है. मुझे विश्वास है कि असम इस लक्ष्य को निश्चित रूप से हासिल कर सकता है. मेरे विश्वास का कारण असम की सक्षम और प्रतिभाशाली जनता है. यह यहां की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता है.

**असम के रेलवे बजट को चार गुना अधिक बढ़ाकर 10,000 करोड़ कर दिया**

पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार ने एयर कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी काम किया है. कहा कि 2014 से पहले ब्रह्मपुत्र नदी पर केवल 3 पुल थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने 4 नये पुलों का निर्माण किया है. जिनमें से एक का नाम हमने भारत रत्न भूपेन हजारिका जी के नाम पर रखा है. 2009 से 2014 के बीच असम को रेलवे बजट में औसतन 2100 करोड़ रुपये मिले. हमारी सरकार ने असम के रेलवे बजट को चार गुना से अधिक बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया है।

## अदानी-अंबानी असम में एक लाख करोड़ का निवेश करेंगे

गौतम अदानी और मुकेश अंबानी असम में एक लाख करोड़ करोड़ का निवेश करेंगे. एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन 2.0 में यह घोषणा की गयी. अदानी समूह के चेयरमैन गौतम अदानी ने आज मंगलवार को सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में एलान किया कि उनका समूह राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा. कहा कि उनका समूह असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है. भविष्य में भी ऐसे निवेश जारी रहेंगे. इसी क्रम में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि कंपनी अगले पांच साल में असम में पांच विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. कहागया कि यह निवेश असम को न सिर्फ औद्योगिक और तकनीकी हब बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभायेगा, बल्कि हजारों रोजगार के नये अवसर भी पैदा करेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने समिट का उद्घाटन किया. इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा सहित देश के कई बड़े उद्योगपति मौजूद रहे.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**दिवाकर सिंह**
**वरीय पत्रकार**

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए आपको अपने लक्ष्य प्रति ईमानदार और जुझारू होना होगा। चाहे जितनी भी कठिनाइयां आए आपको हर नहीं माननी है। कभी-कभी आपको हर कभी सामना करना पड़ सकता है परंतु असफलता ही सफलता की कुंजी होती है यह भी आपको याद रखना चाहिए।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 79,800
चांदी (प्रति किलो) : 97,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 74,602.12
निफ्टी :- 22,547.55

## मौसम

अधिकतम तापमान : 26 °
न्यूनतम तापमान : 15 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:13
संध्या :- 17:50

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1815 को नेपोलियन बोनापार्ट इटली के तट से दूर एक द्वीप एल्बा से भाग गया था, जहाँ एक साल पहले उसे फॉनटेनब्लियो की संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद निर्वासित कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### उन्नाव में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई एक सड़क दुर्घटना में दो बच्चों और उनके पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब एक कार नियंत्रण खोकर डिवाइडर को पार कर गई और विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी। बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद कुमार ने कहा, सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस को दुर्घटना की जानकारी मिली। आगरा से लखनऊ जा रही एक सेंट्रो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की टेंपो ट्रैवलर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि टेंपो ट्रैवलर में सवार यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। सीओ ने बताया कि मृतकों की पहचान राघवेंद्र सिंह कुशवाह (36), उनके पांच साल के बेटे श्रेष्ठ और उनकी डेढ़ साल की बेटी के रूप में हुई है। राघवेंद्र राज्य सचिवालय में दीवान के पद पर कार्यरत थे।

### बालू माफिया का पुलिस पर हमला, थाना प्रभारी व एक जवान घायल

**पलामू।** पलामू के पाटन थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस की टीम पर माफिया के लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में पाटन थाना प्रभारी और एक जवान घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम पाटन के हिसरा बरवाडीह में कार्रवाई करने गई थी। पुलिस ने अवैध बालू का उठाव करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जिसके बाद बालू माफिया व उसके लोगों ने पुलिस को घेर लिया। डीएसपी की टीम ने घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी। जिसके बाद पाटन पुलिस अतिरिक्त पुलिस के साथ वहां पहुंचे।









# अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्र देव को हिंदालको का सहयोग,लोहरदगा डीसी ने किया सम्मानित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत लोहरदगा के अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्र देव को उनके खेल में निखार लाने और उनकी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए मंगलवार को हिंदालको प्रबंधन द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले तीरंदाजी उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर लोहरदगा के डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने उन्हें यह उपकरण सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीसी ने इस अवसर पर कहा कि कृष्ण चंद्र देव जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी न केवल जिले, बल्कि पूरे राज्य का गौरव हैं। उनकी मेहनत और लगन को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। यह सहयोग न केवल उनके खेल जीवन में एक नई ऊर्जा भरेगा, बल्कि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगा। इस महत्वपूर्ण सहयोग को साकार करने में डालसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने कृष्ण चंद्र देव को तीरंदाजी उपकरण दिलाने में विशेष योगदान दिया। उनके प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ कि युवा प्रतिभा को सही संसाधन मिले और वह अपने खेल में और निखार ला सके। डालसा की यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे जिले के अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। हिंदालको द्वारा किया गया यह सहयोग न सिर्फ तीरंदाजी में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी और खेल प्रतिभाओं के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। हिंदालको ने कृष्ण चंद्र देव को विश्व स्तरीय तीरंदाजी उपकरण उपलब्ध कराकर उनके सपनों को पंख देने का कार्य किया है। इससे उनकी तकनीकी दक्षता में सुधार आएगा और वे आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकेंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि इससे न केवल कृष्ण चंद्र देव को सहायता मिलेगी, बल्कि जिले के अन्य उभरते हुए तीरंदाजों को भी यह विश्वास मिलेगा कि सही मार्गदर्शन और संसाधनों की उपलब्धता से वे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। यह सहयोग न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि पूरे खेल समुदाय के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत साबित होगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में बिरसा आर्चरी सेंटर के संरक्षक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, बिरसा आर्चरी सेंटर की प्रेसिडेंट नेहा महतो, हिंदालको प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी नीरज भास्कर सिन्हा, अभय भारती, अन्नया डे, राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो, डालसा सचिव राजेश कुमार, उपायुक्त कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी दुबराज यादव, शांति आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य, सांसद के निजी सहायक आलोक साहू, नेसार अहमद, संजय अग्रवाल, निधिकांत प्रसाद, असीम टोप्पो सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल कृष्ण चंद्र देव के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, बल्कि यह लोहरदगा के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी एक नई आशा की किरण लेकर आया है। तीरंदाजी जैसे खेल को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल बेहद महत्वपूर्ण हैं। डीसी, हिंदालको प्रबंधन और डालसा सचिव राजेश कुमार की इस संयुक्त पहल से अब क्षेत्रीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय उपकरण और बेहतर संसाधन मिलेंगे, जिससे झारखंड राज्य तीरंदाजी में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकेगा। खेल और उद्योग के बीच इस बेहतरीन समन्वय से यह सिद्ध होता है कि अगर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाएं स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा दें, तो भारत खेल जगत में और भी बड़ी सफलताएं हासिल कर सकता है। यह सहयोग भविष्य में और भी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। लोहरदगा के गौरव कृष्ण चंद्र देव को मिले इस सहयोग से उनकी मेहनत और समर्पण को और भी मजबूती मिलेगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को और निखार सकें और आने वाले समय में देश का नाम रोशन कर सकें।

## पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी दर एवं आठ घंटे कार्य दिवस मजूदरों का है अधिकार - रोशन लाल चौधरी




**_झारखंड विधानसभा छठे बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में बड़कागांव की आवाज बन के गरजे बड़कागांव के विधायक**

**_एन.टी.पी.सी., जे.एस.पी.एल. एवं अन्य कंपनियों द्वारा मजदूरों पर हो रहे शोषण के विरुद्ध सदन में प्रकट किया अपना वक्तव्य**

**_पतरातू।** बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा झारखंड विधानसभा के छठे बजट सत्र के दूसरे दिन बड़कागांव विधानसभा के औद्योगिक क्षेत्रों में मेहनतकस मजदूरों को होने वाली समस्याओं को सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया । बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कंपनिया जैसे एन.टी.पी.सी. तथा इनकी सहयोगी कंपनियों, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा अन्य कंपनियों द्वारा हो रहे मजूदरों पर अत्याचार के बारे में सदन को अवगत कराया । विधायक ने सदन के माध्यम से कहा कि श्रमिकों की मूल समस्याएं जैसे कि श्रमिकों को पिछले 10 वर्षों से पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जा रहा हैं । 8 घंटे के कार्य दिवस के स्थान पर जबरन 12 घंटे मजदूरों से कार्य लिया जा रहा हैं, न्यूनतम वेतन दर में गड़बड़ी जैसे मुद्दों पर अपनी बात सदन में रखी । सदन के माध्यम से कंपनियों को न्यूनतम मजदूरी समय पर भुगतान, कार्य दिवस की अवधि 12 घंटे नहीं बल्कि 8 घंटे की मांग रखी। विधायक द्वारा क्षेत्र के आम जनमानस एवं मजदूरों की समस्या को सदन में उठाने के बाद पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में हर्ष,उल्लास एवं जोश का माहोल है।

## लापता युवक की खोजबीन की मांग को लेकर परिजन व सैंकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे पतरातू थाना

**पतरातू।** पतरातु प्रखंड के जयनगर निवासी अफताब नामक युवक के लापता होने के मामला तूल पकड़ा और सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण पतरातु थाना में पहुंचकर लापता युवक की बरामदगी की मांग किए। कहा पैसे की लेन-देन में अंकित सोनी के साथ नोंक-झोंक हुआ था जिसके बाद अफताब नामक युवक कल शाम से लापता है। बता दें कि बीते सोमवार से पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी आफताब अंसारी शाम 6:00 से लापता हो गया है। परिजनों द्वारा रात को काफी खोजबीन के बाद पतरातू थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज किया गया लेकिन सुबह तक आफताब अंसारी की कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन और ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचकर लापता आफताब अंसारी की खोजबीन करने के लिए पतरातू थाना प्रभारी से गुहार लगाई।

## भुरकुंडा थाना में रिमांड पर लाए गए गैंगस्टर विकास तिवारी से रामगढ़ एसपी ने किया पूछताछ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के पतरातु बस्ती निवासी झारखंड के प्रसिद्ध गैंगस्टर विकास तिवारी को भुरकुंडा पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। जिसके बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार मंगलवार को भुरकुंडा थाना पहुंचे और गैंगस्टर विकास तिवारी से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी चन्दन कुमार वत्स, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता,पतरातू थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता, सतेन्द्र कुमार इंस्पेक्टर मौजूद थे। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कहा विभिन्न जिलों में विकास तिवारी के नाम पर मामला दर्ज है और कोर्ट ने इसे अजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विगत दिनों में रामगढ़ जिले में काफी अपराधिक घटना घटी है उसी घटना के संदर्भ में कोर्ट से दो दिनों का रिमांड ली गई है। पूछताछ में विकास तिवारी ने कहा रामगढ़ जिले में अपराधिक घटनाओं को लेकर हमारे नाम का दुरपयोग कर बदनाम की जा रही है। एसपी ने आगे कहा कि जिले में जितने भी अपराधिक गैंग है उसपर नकेल कसी जा रही है, एसपी ने युवाओं से आग्रह किया है किसी के षड्यंत्र या बहकावे में आकर अपराधिक घटनाओं में शामिल ना हों। बता दें कि रामगढ़ पुलिस ने कोर्ट से एक सप्ताह के रिमांड पर लेने की अपील की थी लेकिन विकास तिवारी के वकील ने जज के सामने एक सप्ताह रिमांड को विकास तिवारी के लिए खतरा बताते हुए कहा पुलिस के पास मोकिल विकास तिवारी को खतरा है। तब जाकर एक सप्ताह के जगह रिमांड को घटाकर दो दिन की गई। बड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे हजारीबाग जेल से भुरकुंडा थाना लाया गया।

## वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र बन गया है अवैध कारोबारियों का अड्डा : आदित्य साहु

**कोयला चोरी और तस्करी का बन गया है केंद्र**

**क्षेत्र की आम जनता चोरों के आतंक से है त्रस्त**

**राज्यसभा सांसद ने डीजीपी को लिखा पत्र**

**रामगढ़/गोला।** झारखंड का रामगढ़ जिला इन दोनों कोयला के अवैध खनन और कारोबारियों का केंद्र बना हुआ है। रामगढ़ जिले का बेस्ट बोकारो ओपी उसमें अव्वल है। जिले के वेस्ट बोकारो ओपी इन दिनों पूरे राज्य में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। क्षेत्र से बड़े पैमाने पर कोयला का अवैध खनन और कारोबार चल रहा है। सीसीएल के कोलियरी से कोयला की चोरी भी जमकर हो रही है। वहीं वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में स्थित कई घनी आबादी क्षेत्र में लगातार चोरी होने से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। इस संबंध में झारखंड के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। रामगढ़ जिला के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में पिछले कुछ महीनो से कोयला का अवैध खनन और कारोबार चरम पर पहुँचा हुआ है। क्षेत्र से रोजाना दर्जनों बड़े वाहनों पर अवैध कोयला निकाले जा रहे हैं। अवैध कोयला क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री और बाहर के मंडियों में भेजे जा रहे हैं। वहीं क्षेत्र की जनता चोरों के आतंक से पस्त नजर आ रही है। पिछले कुछ दिनों में वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में कई चोरी की घटनाएँ घटी है। पुलिस कोई भी मामले का पदार्फाश नहीं कर पा रही है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश भी देखा जा रहा है। वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना का मामला राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के पास पहुँचा। इसके बाद आदित्य साहू ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को पत्र लिखकर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की बात कही है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि इस क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरों ने घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लोग घरों को बंद कर मुंडन, शादी या अन्य कार्यक्रम में बाहर जाते हैं। जब वो वापस लौट कर आते हैं तो घर का ताला टूटा नजर आता है और सामान बिखरे नजर आते हैं। कीमती सामानों की चोरी हो जाती है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में कई घरों के में चोरी होने की विस्तृत जानकारी दी है। वहीं क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना और नशाखोरी के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश है। क्षेत्र के लोग इसके विरोध में रविवार को मसाल जुलूस निकालकर विरोध किया है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

## जिंदल फाउंडेशन, प्रारंभ परियोजना के तहत दो मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्रों का जीर्णोद्धार

**पतरातू।** पतरातु प्रखंड के ग्राम बलकुदरा नया टोला और जयनगर अंबेडकर टोला में जिंदल फाउंडेशन के द्वारा दो आंगनबाड़ी केंद्रों को माडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित कर समुदाय को समर्पित किया गया। कार्यक्रम 25 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया गया जिसका मुख्य अतिथि जिंदल महिला क्लब की अध्यक्षा गुरदीप कौर ने फीता काट कर इन केंद्रों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती कौर ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के बिना विकास अधुरा है और आंगनबाड़ी केंद्र न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बल्कि समुदाय के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती शालू जिंदल का हमेशा से प्रयास रहा है कि विकास की किरण गांव के सबसे निचले स्तर तक पहुंचे जिससे समाज का समग्र उत्थान संभव हो सके, साथ ही केंद्रों में बेहतर शिक्षण, पोषण, और स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रबंध हो। कार्यक्रम में सी एस आर प्रमुख रवी निवास पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा कुमार राहुल सहीत ग्रामीण उपस्थित थे।

## शो खत्म होने पर अपनों की याद में मणिपुर की घटना को याद कर रो-रोकर गुजारते हैं रात घरवालों से बात नहीं होने पर अमानवीय घटना को याद कर लगी रहती हैं चिंता : रोबीन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बाजारटांड़ रामगढ़ में रोलेक्स सर्कस का आज अंतिम दिन**

**मणिपुर के सर्कस में काम कर रहे कलाकार दिल मे छिपाये हैं लाखों दर्द**



**रामगढ़।** मणिपुर में घटी अमानवीय घटना के बाद सर्कस में काम कर रहे कलाकार अपने दिल में लाखों दर्द छिपा होने के बावजूद शो के दौरान विभिन्न खेलों का प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन तो कर रहे हैं। लेकिन अपनों की याद में रो-रोकर रात गुजारने को विवश हैं। शो खत्म होते ही सर्कस में काम कर रहे दस कलाकार सबसे पहले अपने घरवालों से बातचीत कर उनका हाल जानते हैं। इसके बाद ही खाना-पीना करते हैं। मणिपुर के कलाकारों के टीम लीडर रोबीन सिंह और सर्कस के प्रबंधक ने बताया कि मणिपुर में घटी अमानवीय घटना को याद कर आज भी उनका परिवार के लोग काफी भयभीत हैं। मणिपुर में काम-काज व धंघा ठीक से नहीं चलने के कारण वे रोजगार की तलाश के साथ-साथ रोजी-रोटी के खातिर वे सर्कस में काम करने को विवश हैं।

**अक्सर नेटवर्क खराब होने के कारण घरवालों से बातचीत करने में होती है परेशानी**

कलाकारों के टीम लीडर रोबीन सिंह ने बताया कि मणिपुर के थोबल गांव में घटित घटना के बाद सरकार की लचर व्यवस्था के कारण अक्सर वहां नेटवर्क खराब रहता है। सरकार के निर्देश पर अक्सर नेटवर्क बाधित कर दिया जाता हैं मनोरंजन रोलेक्स सर्कस में काम कर रहे मणिपुर के कलाकारों ने बताया कि वे पांच चाकू एक साथ मुंह में डालकर खतरनाक खेल का प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन करते हैं। वहीं जिम्नास्टिक पर आधारित कला का भी प्रदर्शन किया जाता है। जिसमें स्ट्रीक्ट जग्लींग, बॉल लेंस, रिंग डांस ,बेबी रूफ, सिंगल व डबल साड़ी के माध्यम से खेल साईकिलिंग, आंख में पट्?टी बांधकर धारदार हथियार से पेट व हाथ में रखकर खीरा काटने के अलावे कॉमेडी का प्रदर्शन लोगों का मनोरंजन करते हैं।

**सरकार के ध्यान नहीं देने पर इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगा सर्कस : बुद्धदेव**

कोरोना के बाद सर्कस संचालकों का हाल बुरा है। कई सर्कस बंद हो चुके हैं। वहीं सरकार द्वारा जानवरों के साथ खेल के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाये जाने के बाद इसका प्रभाव सर्कस पर पड़ा है। संचालकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को सर्कस से कुछ प्रतिबंध हटाने की जरूरत है। अन्यथा सर्कस इतिहास के पन्नों पर सिमट कर रह जाएगी। उक्त बातें रोलेक्स सर्कस के संचालक बुद्धदेव जाना मैनेजर हैप्पी ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार के 14 वर्ष तक के बच्चों के कला प्रदर्शन पर सरकार ने रोक लगाया है। लेकिन 18 वर्ष के बाद अब सर्कस में नया आर्टिस्ट आना नहीं चाहता।

## रामगढ़ जिला के सभी अंचल कार्यालय में हुआ विशेष शिविर का आयोजन

**परिशोधन पोर्टल पर लंबित 150 मामलों को किया गया निष्पादित**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर आज दिनांक 25 फरवरी 2025 को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचलों में परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों एवं दाखिल खारिज के आवेदनों निष्पादन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के तहत पतरातू अंचल के लिए अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, मांडू अंचल के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, चितरपुर अंचल के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार रामगढ़ अंचल के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, दुलमी अंचल के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं गोला अंचल के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़ प्रियंका दीप्ति कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया था जिनके द्वारा शिविरों का निरीक्षण कर कार्यो का जायजा लिया गया वहीं उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में विभिन्न कार्य संपादित किए गए। विशेष शिविर के दौरान मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत परिशोधन पोर्टल पर लंबित 150 मामलों का निष्पादन किया गया वहीं दाखिल खारिज के लगभग 100 मामलों का भी निष्पादन किया गया।

## गोला डीवीसी चौक में झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने किया पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद का भव्य स्वागत

**रामगढ़/गोला।** झारखण्ड सरकार पूर्व मंत्री टुंडी विधायक सह मुख्य सचेतक विधायक मथुरा प्रसाद महतो का गोला डीवीसी चौक में झारखंड आंदोलनकारी महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया। गोला प्रखंड के झारखंड अधिकारी एवं पार्टी समर्थित साथियों ने मथुरा प्रसाद महतो का भव्य स्वागत कर ज्ञापन सौंपा। विधायक द्वारा सभी आंदोलनकारी साथियों के मांगों को लेकर अगले सप्ताह रांची आवास प्रतिनिधि मंडल को बुलाया और उन्होंने कहा कि आपकी मांगों को विधानसभा पटल पर सरकार के समक्ष पेश किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष भागीरथ महतो, सचिव भोलाराम मांझी जिला, सचिव हरि बोल महतो, कोषाध्यक्ष आदित्य महतो गोला प्रखंड अध्यक्ष अमुल्यकुमार उपाध्याय,दिनानाथ सिंह मुंडा,देवकी प्रसाद, पर्वत राम रविदास, कुंज लाल राम रविदास, राजाराम महतो, नरेश महतो, सावित्री देवी, साबो देवी, सीता देवी, नूनी बाला देवी पूनम देवी मोतीलाल महतो, धीरेंद्र महतो, प्रयाग महतो, केदार महतो मटन महतो पंचम महतो, कंचन सोनी, जलील अंसारी, सरजू महथा, सीदाम महथा, किशोरी महथा, कामेश्वर महतो, भीम मांझी, बबलू मांझी, लालू मांझी, मंजू देवी, प्रेमसागर प्रसाद,बसंती देवी उपस्थित रहे।

## लोहरदगा में वाटरशेड यात्रा का समापन, जल संरक्षण और कृषि विकास पर जोर

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के तहत लोहरदगा जिले में आयोजित वाटरशेड यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम कैरो प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें जल संरक्षण, कृषि, मत्स्य और पशुपालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि जाहिद अहमद, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, जलछाजन के स्टेट नोडल हेड विपुल विकास समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि जलछाजन मिशन के माध्यम से जल के बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। आत्मा योजना के तहत कृषि यंत्र और परिभ्रमण कार्यक्रम का लाभ भी किसानों को मिल सकता है। पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने पशुगणना-2025 की जानकारी दी और सभी किसानों से इसमें भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को सरकार की योजनाओं के तहत टीकाकरण, चारा आपूर्ति और अन्य पशु विकास योजनाओं का लाभ मिल सकता है, जिससे उनकी आय बढ़ेगी।जिन्होंने गांव-गांव जाकर इस योजना के प्रति जागरूकता फैलाई। जलछाजन मिशन के जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार ने सभी उपस्थितों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और सभी ने मिलकर जलछाजन गीत भी गाया।कार्यक्रम स्थल पर कृषि, मत्स्य, पलाश, जेएसएलपीएस, जलछाजन, पशुपालन आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां किसानों को विभिन्न योजनाओं और तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके अलावा, अतिथियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया और लाभुक मनोज साहू के खेत पर मेढ़बंदी योजना के लिए पारंपरिक तरीके से भूमि पूजन किया।कार्यक्रम के अंत में, वाटरशेड वाहन को हरी झंडी दिखाकर दूसरे जिले के लिए रवाना किया गया, ताकि वहां भी जल संरक्षण और कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, बीपीओ अरविंद कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंदोलनकारियों को पुलिस ने आश्वासन दिया कि 72 घंटे के अंदर लड़की को बरामद कर लेंगे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लव जिहाद मामले को लेकर चितरपुर बंद रहा सफल**

**बंद समर्थकों ने चितरपुर में रामगढ़/बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग को घंटो किया जाम**

**प्रशासन के आश्वासन के बाद सड़क जाम हुआ खत्म**



**रामगढ़/रजरप्पा।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर सोनार मोहल्ला से 9 फरवरी को एक लड़की को एक दूसरे संप्रदाय के युवक ने बहला फुसलाकर साथ लेकर फरार हो गया। इस बात की सूचना परिवार के लोगों ने 9 फरवरी को ही रजरप्पा थाना को दिया। लेकिन रजरप्पा पुलिस मामले में विलंब के कारण क्षेत्र के लोगों में धीरे-धीरे आक्रोश पनपने लगा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बैठक कर आंदोलन करने का निर्णय लिया। इसी के तहत 24 फरवरी के शाम को मसाल जुलूस निकाला गया। उसके उपरांत 25 फरवरी के सुबह 6:00 से ही चितरपुर बंद आरंभ हो गया। चितरपुर बंदी की सूचना पहले ही पुलिस प्रशासन को दे दी गई थी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जोरदार व्यवस्था कर रखी थी। जिले उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार खुद चितरपुर पहुँचकर सुबह-सुबह ही फ्लैग मार्च किया। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस के जवान और पदाधिकारी शामिल थे। चितरपुर बंद के समर्थकों ने सुबह 6:00 से ही रामगढ/बोकारो हाईवे को चितरपुर के चट्टी बाजार में जाम कर दिया। सड़क जाम में सैकड़ो स्थानीय लोग शामिल हो गए। वहीं पूरे मामले को देखते हुए जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक क्षेत्र में ही कैंप किए हुए थे। सड़क जाम के 2 घंटे के उपरांत पुलिस प्रशासन के अधिकारी बंद समर्थकों से वार्ता के लिए पहुँचे। पुलिस प्रशासन के वार्ता और आश्वासन के बाद 10:00 बजे के लगभग सड़क जाम खत्म हुआ। आंदोलनकारी को पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि लड़की को हर हाल में 72 घंटे के अंदर उपलब्ध करा दिया जाएगा। पूरा चितरपुर प्रखंड क्षेत्र सुबह से ही स्वतः बंद रहा। क्षेत्र की सैकड़ो छोटी बड़ी दुकान बंद रहे। शाम के समय कुछ दुकान जरूर खुलें। सड़क जाम कर रहे आंदोलनकारी ह्लपुलिस प्रशासन मुदार्बाद और जय श्री राम के नारेह्व लगा रहे थे। सड़क जाम के दौरान सैकड़ो वहाँ फँसे रहे। बंद समर्थकों ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन 72 घंटे के अंदर लड़की को वापस नहीं लाया तो आगे और जोरदार आंदोलन किया जाएगा। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर पुलिस प्रशासन समय रहते इस मुद्दे को गंभीरता से लिया होता तो शायद आज विवाद इतनी दूर तक नहीं पहुँच पाती।

## अति सुदूर क्षेत्र के लिए साढे पॉच करोड़ रूपया की स्वीकृति मिली:महेंद्र महतो



**पतरातू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जब से रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्वाचित हुए तब से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में अति सुदूर क्षेत्रों में विकास की गति तेज हो गई है। साथ ही सुदूर क्षेत्रों में जन कल्याण की योजनाओं की स्वीकृति जिला प्रशासन से लेकर राज्य सरकार के अधिकारी फटा फट दे रहे हैं और संवेदक भी बिना कोई भय के निविदा में भाग ले रहे हैं और भय-मुक्त होकर योजनाओं को धरातल पर उतर रहे हैं। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के अति सुदूर इलाके (1)सांकी पंचायत के ग्राम सांकी की बगराई बेड़ा से लेकर रामकृष्ण बेदिया के घर तक नाली निर्माण 15 लाख(2) पतरातू भगत सिंह चौक से लेकर नलकारी नदी तक 10 फीट गहरा गटर का निर्माण एक करोड़ 83 लाख 84 हजार रुपए (3) सुथरपुर बहेरा टोला में नदी में पुल निर्माण 2 करोड़ 43 लाख रुपया(4) चोरधारा पंचायत में सामुदायिक भवन एक करोड़ रूपया इन सभी योजनाओं की स्वीकृति हो चुकी है। सभी निवदाओं की औपचारिकता पूरी होते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी के कर-कमलों द्वारा इन सभी कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

मोरहाबादी मैदान में 25 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा एक्सपो

# हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों के सहयोग के लिए सरकार है तैयार: अरवा राजकमल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2024-25 का उद्योग सचिव ने किया उद्घाटन**

**नि:शुल्क होगी एंट्री, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो**

**एक्सपो में हुनरमंदों को मिलेगा मंच और बाजार**



**रांची।** उद्योग सचिव श्री अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो ऑगेर्नाइज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है जो न केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है बल्कि पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। श्री अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है, यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखाई देती है। हैंडलूम एक्सपो हर साल यहां ऑगेर्नाइज करने के लिए हम लोग एक संकल्प लेंगे और जो बुनकर समिति हैं उन्हें शेड बनाने से लेकर, उनके मशीन लगाने तक कई सारे सब्सिडीज सरकार के द्वारा दिया जाएगा। प्रति साल सैकड़ो की संख्या में इस तरह का सहयोगी समितियां को भी हम लोग राशि प्रदान करने का काम किया करते हैं। इस साल भी मैं आपको उम्मीद दिलाता हूं कि बजट के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को चयनित करके हम लोग इस योजना का लाभ उनको देंगे।

**एक्सपो क्रय-विक्रय के समन्वय का एक बेहतरीन मंच: कीर्ति श्री**

झारक्राफ्ट की एमडी श्रीमती कीर्ति श्री ने कहा कि झारक्राफ्ट के द्वारा पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं। यह एक्सपो बॉयर और सेलर के बीच में एक समन्वय स्थापित करने के लिए और बुनकर कम्युनिटीज को एक विश्व एवं राज्य स्तर पर एक पहचान दिलाने के लिए मंच है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां वे अपने सारे प्रोडक्ट्स को गुणवत्ता के साथ खरीद और बेच सकते हैं। ये हम सौभाग्य समझते हैं कि यह हैंडलूम एक्सपो ऑगेर्नाइज करने का हमें मौका मिला है। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में कुक्कुम धागे को बनाने की विधि और कपड़े की बुनाई का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। साथ ही अगले 15 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राज्य एवं अन्य प्रांतों के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। हैंडीक्राफ्ट से लोगों को एक जोड़ा गया है। इस साल दिल्ली,कोलकाता, अयोध्या और मुंबई में भी हम हैंडीक्राफ्ट के शोरूम खोल रहे हैं

**10 मार्च तक चलेगा स्टेट हैंडलूम एक्सपो**

25 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक स्टेट हैंडलूम एक्सपो चलेगा। एक्सपो में बंगाल, बिहार, ओडिसा,छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आए बुनकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।इसके अलावा झारखंड के बुनकर केंद्र के 80 स्टॉल भी लगाए गए हैं।

**लाभुकों को लूम, वर्कशेड और ट्रेनिंग हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण**

कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान उद्योग सचिव श्री अरवा राजकमल के हाथों बुनकर से जुड़े लाभुकों के बीच लूम वितरण, वर्क शेड स्वीकृति पत्र, और ट्रेनिंग हेतु पत्र का वितरण किया गया। स्टेट हैंडलूम एक्सपो उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक उद्योग श्री सुशांत गौरव, एमडी जिडको श्रीमती आकांक्षा रंजन, सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड श्री हिमांशु मोहन, एमडी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित सीईओ खादी बोर्ड श्रीमती सुमन पाठक, जीएम झारक्राफ्ट पंकज कुमार साव सहित राज्य और अन्य प्रदेशों से आए बुनकर मौजूद थे।

## झारखंड के सरकारी कर्मियों के बुरी खबर, सैलरी में की जाएगी कटौती



**रांची :** अगर आप झारखंड के सरकारी कर्मी हैं तो आपके लिए बुरी खबर है. दरअसल मार्च 2025 से राज्य कर्मियों को दिया जाने वाला चिकित्सा भत्ता कम किया जायेगा. वर्तमान में, राज्य सरकार के सभी कर्मियों को प्रति माह 1000 रुपये चिकित्सा भत्ता दिया जाता है. लेकिन अब कर्मियों को **प्रति माह 500 रुपये चिकित्सा भत्ता मिलेगा.**

500 रुपये की दर से होगी प्रीमियम राशि की कटौती

प्रति माह 500 रुपये की दर से स्वास्थ्य बीमा के लिए प्रीमियम की राशि की कटौती की जायेगी. यह बदलाव राज्य कर्मियों को दी जानेवाली स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत किया जा रहा है. जिसके अनुसार प्रति माह 500 रुपये की दर से प्रीमियम की राशि की कटौती की जायेगी. जो सालाना 6000 रुपये है.

**मार्च 2025 से होगा लागू**

इस योजना के लाभुक सभी कर्मियों को 500 रुपये प्रति माह चिकित्सा भत्ता का भुगतान ओपीडी/जांच/ दवा आदि के लिए पूर्व की तरह किया जायेगा. यह बदलाव मार्च 2025 से लागू होगा और कर्मियों को इसके अनुसार वेतन विपत्र में कटौती की जायेगी. इस बाबत वित्त सचिव प्रशांत कुमार ने सभी विभागीय सचिवों, आयुक्तों, उपायुक्तों को पत्र लिखकर मार्च 2025 से वेतन विपत्र में 500 रुपये की कटौती करने का आग्रह किया है. दरअसल वित्त विभाग ने ये स्पष्ट किया था कि कई नई योजनाओं के कारण राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है. इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई के लिए मिलने वाला शिक्षा भत्ता भी अब लोगों को नहीं मिलेगा.

## रांची में रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रोक



**रांची।** रांची में रात के दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउड स्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पर रोक लगाया गया है. इसको लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा के द्वारा आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम-2000 की धारा-2 के आलोक में हाइकोर्ट द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है. ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उक्त प्रतिबंधित अवधि के दौरान प्रयोग किये जाने की सूचना रांची पुलिस के कंट्रोल रूम के फोन नंबर- 9798300836 और 898779664 पर अथवा डायल-112 पर दी जा सकती है. सूचनादाता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी. प्रतिबंधित अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोगकर्ता और संचालको के विरूद्ध विधि-सम्मत कारवाई करने का निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारी को दिया गया है.

## मैट्रिक पेपर लीक मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची .** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने राज्य में मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक से जुड़े सबूत (कागजात व पेन ड्राइव) मंगलवार को राजभवन में सौंपा. साथ ही राज्यपाल से पूरे मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की. श्री महतो ने राज्यपाल से कहा कि पेपर लीक होने का मामला बेहद ही गंभीर होते जा रहा है. इससे राज्य के छात्रों में भारी नाराजगी चल रही है.

श्री महतो ने राज्यपाल से मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पेपर लीक मामले पर श्वेत पत्र जारी करने का निर्देश देने, पूर्व में विवादित रहे वर्तमान जैक अध्यक्ष और सचिव को अयोग्य घोषित करते हुए निलंबित करने की मांग की. उन्होंने कहा कि जैक के अध्यक्ष को पेपर लीक से जुड़े कई सबूत दिये गये थे, लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया. जबकि दूसरी ओर वेबसाइट पर धमकी भरा फरमान जारी कर दिया.

**जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग**

श्री महतो ने राज्यपाल को जैक अध्यक्ष और सचिव का सर्विस बुक विवादित होने का साक्ष्य भी सौंपा. श्री महतो ने राज्यपाल से जेपीएससी अध्यक्ष की भी नियुक्ति करने के लिए पहल करने की मांग की. उन्होंने जेपीएससी सिविल सेवा वन व टू घोटाले में चार्जशीट हुए पदाधिकारियों को तत्काल पद से निलंबित कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की. राज्यपाल से मिलनेवालों में चंदन कुमार रजक, सुहानी कुमारी, खगेंद्रनाथ महतो, प्रदीप कुमार आदि शामिल थे.

## कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म : जयराम महतो



**रांची:** डुमरी से जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है. उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं, जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है.

**महिलाएं धरना पर बैठीं**

इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैं. उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाए और उन्हें न्याय दिलायी जाए. विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा है कि लगता है इस राज्य में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन चल रहा है.

**माफियाओं की जेब में है लॉ एंड ऑर्डर**

रैयतों पर जुल्म ढाया जा रहा है और झारखंड का लॉ एंड ऑर्डर माफियाओं की जेब में है. उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो बाघमारा जैसी घटना मांडू में भी हो सकती है.

## जैक के चेयरमैन डॉ नटवा हांसदा गड़बड़ी के मामले में दंडित हो चुके हैं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) चर्चा में है. चर्चा की वजह बोर्ड परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना है. प्रश्न पत्र लीक को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा तक उबाल है. इस बीच जैक के चेयरमैन डॉ नटवा हांसदा को लेकर ताजा जानकारी सामने आयी है. जानकारी यह है कि करीब नौ साल पहले वर्ष 2016 में सरकार उन्हें दंडित कर चुकी है. वह राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद में परीक्षा नियंत्रक (एक्जामिनेशन कंट्रोलर) के पद पर पदस्थापित थे. इस पद पर रहते हुए सरकार ने उन्हें कर्तव्यहीनता, वित्तीय अनियमितता, अनुशासनहीनता और लापरवाही का दोषी पाया था. डॉ नटवा हांसदा के खिलाफ विभाग ने 6 जून 2012 को आरोप पत्र गठित किया था. साथ ही विभागीय कार्यवाही शुरू की थी. विभागीय कार्यवाही व जांच पदाधिकारी राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद के तत्कालीन सचिव आइएएस शीला किस्कु रपाज को बनाया गया था. जांच व विभागीय कार्यवाही के दौरान डॉ नटवा हांसदा को निलंबित कर दिया गया था. शीला किस्कु रपाज ने जांच में परीक्षा नियंत्रक नटवा हांसदा पर लगे आरोपों को सही पाते हुए अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी थी. वर्ष 2016 में सरकार ने जांच रिपोर्ट के आधार पर दो फैसला लिया था. पहले फैसले में डॉ नटवा को दंडित करते हुए उनके दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाया गया था. साथ ही यह आदेश दिया था कि निलंबन की अविध में उन्हें जीवन यापन भत्ता के अलावा किसी अन्य तरह की राशि नहीं दिया जायेगा. सरकार ने डॉ नटवा हांसदा को राज्य प्रावैधिक पर्षद से हटाने का भी फैसला लिया था. सरकार ने उन्हें धनबाद स्थित राजकीय पोलिटेकनिक में व्याख्याता के पद पर नियुक्त किया था.

## 31 मार्च को उपवास और एक अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा



**रांची .** केंद्रीय सरना समिति (फूलचंद तिर्की ग्रुप) की बैठक मंगलवार को कचहरी परिसर स्थित आरटीआइ परिसर में हुई. बैठक में सरहुल शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई. समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि इस वर्ष भी धूमधाम से सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी. इस अवसर पर 31 मार्च को श्रद्धालु उपवास रखेंगे एवं पूजा के लिए केकड़ा तथा मछली पकड़ेंगे. एक अप्रैल चैत्र शुक्ल तृतीया को सुबह में पूजा होगी, जिसके बाद शोभायात्रा निकाली जायेगी. तीन अप्रैल को फूलखोंसी का आयोजन होगा.

**प्रकृति पूजक आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार**

फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल हम प्रकृति पूजक आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है. शोभायात्रा के दौरान आदिवासी समुदाय की रूढ़ीवादी परंपरा और संस्कृति की झलक दिखेगी. समिति के महासचिव संजय तिर्की ने मांग रखी कि सरहुल पर्व के अवसर पर सरकार विधि व्यवस्था दुरुस्त करे. इसके अलावा केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली को अतिक्रमण मुक्त हो. समिति के संरक्षक बलकु उरांव ने कहा कि सरहुल पूजा को लेकर जल्द ही समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा. बैठक में समिति के सरंक्षक भुवनेश्वर लोहरा, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सचिव विनय उरांव, सोहन कच्छप, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, अजय लिंडा एवं अन्य शामिल थे.

## मंईयां योजना के लाभार्थियों को एक साथ मिलेंगे 7500 रुपये : मंत्री दीपिका पांडे सिंह



**रांची :** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. झारखंड सरकार में ग्रामीण मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना ने बताया कि बहनों और बेटियों के खाते में कब तक राशि आयेगी. झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन जब सदन में योजना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी. लेकिन अब समस्या दूर कर ली गयी है. जल्द ही सभी लाभार्थियों के खातों में एक साथ तीन माह की राशि (7500 रुपये) ट्रांसफर की जायेगी. उन्होंने बताया कि होली या महिला दिवस के अवसर पर मंईयां योजना की तीनों किस्त दी जायेगी.

**लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजना का लाभ मिले, सरकार यह सुनिश्चित कर रही**

दीपिका पांडे सिंह ने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने की क्षमता रखती है. उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया था. हालांकि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण राशि के वितरण में बाधाएं आयीं. लेकिन इसे ठीक कर लिया गया है. कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजना का पूरा लाभ मिले.

# डॉ इरफान ने कहा, हजारीबाग में बन रहा 500 बेड का अस्पताल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया. कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए. ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है. डॉक्टरों की कमी है. इंमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं. इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है. मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा. 25 मई तक भवन तैयार हो जाएगा. रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है. मथुरा प्रसाद महतो द्वारा पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है. इसमें संशोधन होना चाहिए. जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आता है. कोडरमा में करियावां मौजा को विस्थापित गांव की सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इसकी जांच कर विस्थापित गांव की सूची में शामिल किया जायेगा. ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक अमित यादव ने यह सवाल पूछा था.

## राज्य सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी को दिए गए दंड को राज्य सरकार ने बरकरार रखने का लिया फैसला

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी पूनम कुमारी झा को दिए गए दंड को बरकरार रखने का फैसला लिया है. उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने अंचल अधिकारी ठाकुरगंज के पद पर रहते हुए अभिलेख खोलकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के एक पत्र को आधार मानकर चाय की खेती के लिए 8 आवेदकों के साथ सरकारी भूमि की अस्थायी लीज बंदोबस्ती के लिए अनुशंसा की थी.

**क्या है आरोप**

सरकार का मानना है कि इस कार्य के लिए वे सक्षम पदाधिकारी नहीं थीं. इस मामले में राजस्व भूमि सुधार विभाग के गाइडलाइन का भी उल्लंघन किया गया. यह आरोप है कि 1995 में उद्योग इकाई की स्थापना के लिए पांच एकड़ भूमि चिंहित की गयी थी.

लेकिन अंचल अधिकारी ने उक्त जमीन व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए चाय की खेती के लिए लीज बंदोबस्ती की अनुशंसा की. इसके अलावा गैर मजरूआ जमीन की बंदोबस्ती चाय की खेती के लिए करने सहित कई आरोप थे.

**क्या है सरकार का आदेश**

मामले पर जांच हुई और उनकी तीन वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोकने का दंड दिया गया. इस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली, लेकिन वहां से पारित आदेश की समीक्षा के बाद भी उक्त दंड को यथावत रखने का फैसला लिया गया है. इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है.

## बांग्लादेशी घुसपैठ मामला: बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल की जमानत याचिका पर 27 फरवरी को सुनवाई

**रांची।** बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल की जमानत याचिका पर 27 फरवरी को सुनवाई होगी. पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी को दाखिल जवाब करने का निर्देश दिया है य. बताते चलें कि बांग्लादेशी घुसपैठ मामले को लेकर 12 नवंबर 2024 को रांची और पश्चिम बंगाल के 17 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी. इस दौरान फर्जी आधार, फर्जी पासपोर्ट, अवैध हथियार समेत कई अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी और गहने बरामद किए गए थे. इसके बाद दो बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल, समीर चौधरी और दो भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बसु मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया था.

# जेएसएलपीएस के द्वारा एक दिवसीय रिसोड समेकित कृषि संकुल का उन्मुखीकरण,संपत्ति वितरण उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** कोंग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास,जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारिक,जिला आजीविका प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ,बीपीएम फैज आलम के उपस्थिति में रिसोड़ संकुल कार्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय रिसोड़ समेकित कृषि संकुल का उन्मुखीकरण,संपत्ति वितरण सह उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मतीन तारिक के द्वारा बताया गया की बरहरवा प्रखंड मे कुल दो समेकित कृषि संकुल का गठन किया गया है।समेकित कृषि संकुल के तहत चयनित किसान को तीन से चार आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। हर समेकित कृषि संकुल में 250-300 किसान को जोड़ना है जिसमें किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। समेकित कृषि संकुल अंतर्गत आजीविका सेवा केंद्र स्थापना करना है,इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा।विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा बतलाया गया कि इस समेकित कृषि संकुल के गतिविधि को सुचारु रुप से गांवों में क्रियान्वित कर इस परियोजना से किसानों को जोड़ने के संबंध में अपना विचार रखा तथा चयनित गांवों में बैठक कर योग्य लाभुकों का चयन करने पर जोर दिया गया तथा महिलाओ को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया एवं छूटी हुई दीदियों को सखी मंडल से जुड़ने के लिए भी जागरूक किया।प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के द्वारा बतलाया गया कि समेकित कृषि क्लस्टर में तहत जेएसएलपीएस के द्वारा अच्छी योजना आयी है इसका लाभ सभी खेती बाड़ी तथा पशुपालन से जुड़े महिलाएं अवश्य ले तथा प्रशिक्षण प्राप्त करके आत्मनिर्भर बने।कार्यक्रम एवं मंच का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बरहरवा फैज आलम के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में जिला आजीविका प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार,मनोज घोष,छोटे लाल, बीएपी पवन कुमार, सामुदायिक समन्वयक दाऊद टुडू, पीआरपी रुंजेला खातून, बीआरपी रहीम विश्वास,रिसोड़ संकुल संगठन की पदाधिकारी एवं कर्मी तथा सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित हुए।

## ऑटो के धक्के से एक वृद्ध महिला घायल



**राजमहल/साहिबगंज।** उधवा- राजमहल मुख्य मार्ग पर प्रखंड कार्यालय के सामने मंगलवार को एक ऑटो के धक्के से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नया बाजार निवासी शारदा देवी (60) प्रखंड कार्यालय से किसी काम के लिए गई हुई थी वहां काम पूरा होने के बाद आपस पैदल अपने घर लौट रही थी। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ़्तार ऑटो चालक ने अनियंत्रित होकर उक्त वृद्ध महिला को धक्का मार दिया। जिससे वह बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। जिसे राहगीरों एवं परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर चालक को हिरासत में ले लिया है और ऑटो को जप्त कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# झारखंड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बटाईल पंचायत अंतर्गत बड़ा गढ़ ?ग्राम पंचायत में खेलों को बढ़ावा देने व ग्रामीण क्षेत्र की युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एस. एम. क्लब बड़ा गढ़ग्राम के द्वारा स्थानःबड़ा गढ़ग्राम में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत फीता काट कर व फुटबॉल में किक मारकर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने किया। इस दौरान तनवीर आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता तनवीर आलम ने उपस्थित ग्रामीण व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सभी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी कि वे बढ़िया खेलें और खिताब जीते। तनवीर आलम ने कहा की खिलाड़ियों को समय-समय पर ऐसे आयोजनों का अवसर दिया जाना चाहिए ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है, ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है, तो बस उन्हें सही मंच और सुविधाएं देने की,राज्य सरकार भी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। टूनामेंट को देखने के लिए मैदान के चारों ओर आसपास लोगों की काफी भीड़ थी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने टूनामेंट को देखने पहुंचे लोगों का भी धन्यवाद दिया कि वे खिलाड़ियों का हौसला अफजाई प्रोत्साहित करने के लिए वहां पहुंचे है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,मो सफातुल्लाह, दिलदार आलम, मनोज घोष, नेहाल अख्तर,प्रेम हेम्ब्रम, समुद्री बास्की, क्रिस्टोफर हेम्ब्रम ,रामेश मुर्मू ,मण्डल बास्की, राज कुमार रजवार,दामु बास्की, शम्भु रजक,मंडल बास्की, जिसू किस्कू,लखन हांसदा दशरथ यादव, झंटू यादव,साधो सोरेन, इत्यादि सहित खेलप्रेमी मौजूद थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर बच्चियों को किया जागरूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** जिला समाज कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन द्वारा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, बोरियो में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि इस योजना की शुरूआत 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा हरियाणा के पानीपत से की गई थी। इसका उद्देश्य शिशु लिंग अनुपात में गिरावट को रोकना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, तथा बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है।उन्होंने बच्चों को जानकारी दी कि यदि वे खुद को असुरक्षित महसूस करें तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति या नजदीकी पुलिस को सूचित कर सकते हैं।मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे हर समस्या का डटकर सामना कर सकें और अपने जीवन में एक ऊँचा मुकाम हासिल कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो दिखाए गए और आवश्यक जानकारियाँ दी गईं। अंत में बच्चों को शपथ दिलाई गई और पाँच फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।इस अवसर पर इकबाल अंसारी, सुभाजीत कुमार, अवधेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## आरसीसीएफ दुमका सतीश चंद्र राय ने किया उधवा झील का निरीक्षण



**उधवा/साहिबगंज।** क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक सतीश चंद्र राय ने उधवा झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने झील और उसके आसपास चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस मौके पर वन संरक्षक उमेश शाहनी वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, रेंजर पंचम दुबे, वन रक्षी इंद्रजीत सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने झील के संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के संबंध में चर्चा की।आरसीसीएफ सतीश चंद्र राय ने झील के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि झील के सौंदर्यीकरण और जलस्तर बनाए रखने के लिए उचित उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह झील क्षेत्र के पर्यावरण और वन्यजीवों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।निरीक्षण के दौरान वन अधिकारियों ने झील क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी दी और आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि झील के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# सऊदी अरब में भारत से एक दिन पहले शुरू हो सकता है रमजान का महीना,दुनियाभर के मुसलमानों की चांद पर नजर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** मौजूदा साल यानी 2025 में रमजान की शुरूआत चांद दिखने पर निर्भर करेगी। इस्लामी कैलेंडर का महीना शाबान 31 जनवरी को शुरू हुआ था। ऐसे में 28 फरवरी को चांद दिखने की संभावना है। इससे रमजान 1 मार्च को शुरू हो सकता है। दुनिया में रमजान का समय अलग होता है। रमजान की शुरूआत चांद के दिखने पर निर्भर,पश्चिमी देशों में 1 मार्च से रमजान का टाइमटेबल,सऊदी अरब में भी एक मार्च को हो सकता है रोजा,मुसलमानों के लिए बहुत पाकीजा माने जाने वाला माहे रमजान का महीना जल्दी ही शुरू होना जा रहा है। इस्लामी कैलेंडर चांद पर आधारित है और महीने की पहली तारीख चांद के देखे जाने से ही शुरू होती है। ऐसे में रमजान का पहला दिन यानी पहला रोजा कब होगा, इसको लेकर असमंजस है। दुनियाभर में चांद एक ही दिन नहीं दिखता है। ऐसे में आमतौर पर पश्चिम एशिया में भारत और एशियाई देशों से एक दिन पहले महीने की शुरूआत होती है। ऐसे में रमजान भी सऊदी और अरब में एक दिन पहले शुरू हो सकता है। इस साल शाबान (इस्लामी कैलेंडर में रमजान से पहला महीना) का 29वां दिन 28 फरवरी को पड़ रहा है। चांद कई बार 29 तो कई दफा 30 दिन बाद दिखता है। ऐसे में अगर चांद 28 फरवरी को दिखाई देता है तो 1 मार्च से रमजान शुरू होगा। सऊदी में एक मार्च से ही रमजान के शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। जिन देशों में चांद दिखाई नहीं देगा,वहां रमजान 2 मार्च से शुरू होगा। भारत में रमजान की शुरूआत 2 मार्च से होने की उम्मीद है।दुनिया के अलग-अलग देशों में रमजान की शुरूआत,कई देश मानते हैं कि आधुनिक तकनीक से चांद की स्थिति का सटीक अनुमान लगाया जा सकता है, इसलिए चांद देखना जरूरी नहीं है। कई जगह मान्यता है कि आंखों से चांद का देखा जाना जरूरी है। मोरक्को जैसे देश इसी नियम का पालन करते हैं। पश्चिमी देशों के कई शहरों ने 1 मार्च से रमजान का टाइमटेबल जारी किया है। ये देश सऊदी अरब के खगोलीय अनुमानों के आधार पर तारीख तय कर रहे हैं। जर्मनी में रमजान 28 फरवरी के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। वहां रमजान के दौरान रोजे का समय 18 घंटे तक का होता है। अमेरिका में रमजान 28 फरवरी की शाम को शुरू होने की उम्मीद है यानी एक मार्च को पहला रोजा होगा। अबू धाबी के अंतरराष्ट्रीय खगोलीय केंद्र के हेड मोहम्मद ओदेह का कहना है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया,ज्यादातर अफ्रीका और दक्षिणी यूरोप में दूरबीन से चांद दिख जाएगा। अमेरिका में नंगी आंखों से चांद देखा जा सकेगा। रमजान एक मार्च से शुरू होता है तो सऊदी अरब समेत कई देशों में ईद 30 मार्च को होगी। अगर रमजान 2 मार्च से शुरू होता है तो ईद 31 मार्च को मनाई जाएगी। मुस्लिमों के बीच रमजान की तैयारी शुरू हो गई है। इस्लामी मान्यता है कि रमजान का महीना धार्मिक रूप से श्रेष्ठ है। इस महीने में इबादत का ज्यादा महत्व माना गया है।

## शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता एखलाख नदीम ने उपायुक्त को लिखा पत्र



**साहिबगंज।** शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के जिल अध्यक्ष एखलाख नदीम ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि साहिबगंज एनएच 80 जो शहर के बीचो-बीच जर-जर एवं प्रदूषण होकर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चें,मरीज एवं पैदल चलने वाले व्यक्तियों को वर्षों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिससे कई बीमारीयों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया।कहा कि उपायुक्त भी कई बार शहरी रोड का भ्रमण कर चुके है।वही उन्होंने बताया कि अंजूमन नगर,कस्तूरबा गांधी स्कूल रोड में सोलर लाईट की व्यवस्था की जाए।ताकि आदिम जन-जाति के दर्जनों गांव पहाड़ के उपर निवास करता है एवं कस्तूरबा गांधी के छात्राओं को भी मेडिकल हेतु बाजार आना पड़ता है।जिससे कोई अप्रिय घटनाओं की संभावना बनी रहती है।श्री नदीम ने कहा कि भीषण गर्मी आने वाली है,लेकिन शहरी जलआपूर्ती योजना 7 वर्षों में भी शहर के लोगों को उपलब्ध नहीं हो पाया है।इसलिए गर्मी आने से पहले नगर परिषद् के 28 वार्ड में जल मीनार के माध्यम से जल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

## आर्य समाज उधवा की ओर से दूसरे दिन भजन प्रवचन का हुआ आयोजन




**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत भोजपुर चौक में वेद मंदिर गुरूकुल आर्य समाज की ओर से तीन दिवसीय आयोजित दूसरे दिन सोमवार को भजन प्रवचन का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली से आए हुए कथावाचिका आर्य जगत के सुप्रसिद्ध आचार्या अमृता आर्या तथा मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले से अंतराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य आनन्द पुरुषार्थी ने बारी-बारी से भजन प्रवचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं श्रीमद्भागवत गीता श्लोक कंठस्थ वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में होंडा शोरूम के मालिक धनंजय कुमार मंडल उपस्थित हुए। श्रीमद्भागवत गीता श्लोक कंठस्थ वाचन प्रतियोगिता में निकिता कुमारी प्रथम,आकाश कुमार मंडल द्वितीय तथा तृप्ति कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को आर्य समाज की तरफ से पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रधान विकाश मंडल,मंत्री ज्ञान चन्द्र मंडल,उप प्रधान ईश्वर कुमार भगत, कोषाध्यक्ष राजेश मंडल,उप मंत्री संजय आर्य,सिरजन मंडल,उत्तम आर्य,अमृत मंडल, वेद प्रकाश आर्य,धर्मव्रत आर्य,दीपेन आर्य, ईश्वर मंडल,अभिलाष मंडल,दिलीप आर्य, उज्जवल आर्य सहित अन्य मौजूद थे।

## मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा किया गया चोरी



**मंडरो/साहिबगंज।** हाजीपुर फौजदारी एनएच 80 सड़क समीप राज इंटरनेट एंड मोबाइल रिपेयर दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दुकानदार रौशन कुमार रजक ने बताया की मेरे दुकान का ताला तोड़कर एक कंप्यूटर प्रिंटर 3 , हॉटगण 2, लॉकर से 80 हजार रुपए, मोबाइल एसोसिरीज का सामान चार्जर, हेडफोन, डिसप्ले, बैटरी चोरी कर लिया गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर सारा सामान लूट लिया गया। दुकान में चोरी लगभग 5 से 6 लाख रुपया का नुकसान हुआ है। पीड़ित दुकानदार रौशन कुमार रजक चोरी ने मामले को लेकर पीरपैंती थाना में शिकायत किया गया है।

## शिवरात्रि मेले को लेकर एसडीओ ने किया बैठक



**बरहेट/साहिबगंज।**महाशिवरात्रि दो दिवसीय मेले को लेकर मंगलवार को साहिबगंज एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार शिवगादी पहुंचकर निरीक्षण किया।इस दौरान मेला संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली।एसडीओ ने शिवगादी प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिए।मौके पर बीडीओ अंशु कुमार पांडे, थाना प्रभारी पवन कुमार, शिवगादी प्रबंध समिति अध्यक्ष रूपक साह,सचिव उत्पल दत्त, गुंजन सिंघानिया,के अलावा अन्य मौजूद थे।

## बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर के अध्यक्ष ने शिवरात्रि को लेकर दी जानकारी

**बरहेट/साहिबगंज।** बुधवार को बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात का नगर भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ एवं नगर भ्रमण 2:30 से होगा एवं नगर भ्रमण का समापन पुनः भूतेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।उपरोक्त आशय की जानकारी कमेटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर साह एवं कोषाध्यक्ष धीरज मोदी ने दी है।

## फोर व्हीलर ने पीछे से टोटो को मारी जोरदार टक्कर,सवार व टोटो चालक गंभीर रूप से हुआ घायल



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा में मंगलवार को तेज रफ़्तार से आते फोर व्हीलर ने पीछे से टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। इसमे सवार महिला व टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप के पास के रहने वाले सत्यजीत प्रसाद की पत्नी शोभा देवी(35) व टोटो चालक सोती चौकी खुटहरी के रहने वाला प्रमोद चौधरी(38) है। घायल महिला ने बताया कि वे लोहंडा में टोटो पर बैठी थी। कि पीछे से एक फोर व्हीलर ने जोरदार धक्का मार दिया। इसमे टोटो क्षतिग्रस्त हो गया। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बढ़िय पदाधिकारी के निर्देश पर सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण

**राजमहल/साहिबगंज।** शहर के संरक्षण किनारे बाईक, टोटो, ऑटो आदी अन्य वाहन सहित दुकानदारों के द्वारा सड़क किनारे अपनी दुकान का सामान रखने जाने के कारण आप लोगों को हो रही परेशानी सड़क दुर्घटना आदि को लेकर सोमवार को बढ़िय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना एस आई प्रमोद गुप्ता दलबल के साथ वाहन चालकों एवं दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए बाहर सामान न लगाने के हिदायत दी है अगर ऐसा करते दोबारा पाया गया तो आवश्यक कार्रवाई प्रशासन और नगर पंचायत के द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बड़े छोटे वाहन चालकों के मनमानी एवं सड़क के बिचो बीच जहां-तहां, चौक चौराहे पर वाहन खड़ी कर यात्री चढ़ाना उतारना, बाइक चालकों की मनमानी से शहर के लोग काफी परेशान है। पिछले एक सप्ताह के अंदर फुलवरिया चौक से लेकर नवगछि, और तीन पहाड़ मोड़ से मुरली तक लगभग छोटी बड़ी 20 से 22 सड़क दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें पिछले 22 फरवरी को शहर के बीचो-बीच निबंधन कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर नगर पंचायत कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर कार्यरत में हाइवा के चपेट में आने से घायल हो गया था जिसका इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गया।

# समग्र शिक्षा, नई शिक्षा नीति से संबंधित मुखिया सम्मेलन का आयोजन

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में उप विकास आयुक्त चतरा अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता मे समग्र शिक्षा, नई शिक्षा नीति से संबंधित मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के मुखिया एवं प्रमुख उपस्थित हुए, जिसमे समग्र शिक्षा, नई शिक्षा नीति पर विशेष रूप से चर्चा की गई, इस सम्मेलन में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अम्बुज राज लक्ष्मी प्रभाग प्रभारी-सह- सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, मनोज कुमार अम्बष्ठ एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय एवं जिले के सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी इस सम्मेलन मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी,उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।पंचायती राज संस्थान प्रतिनिधियों को शिक्षा के क्षेत्र मे अहम भूमिका है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम,समग्र शिक्षा एवं नई शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/ स्थानीय प्राधिकार को महत्वपूर्ण कार्य दिये गये हैं। स्थानीय प्राधिकार को 3 से 18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का शिशु पंजी अद्यतीकरण, नामांकन, ठहराव एवं 12 वीं कक्षा तक की शिक्षा पूर्ण कराने की जिम्मेवारी दिया गया है। इस जिम्मवारी को पूर्ण करने हेतु समय-समय पर इनका उन्मुखीकरण किया जाता है। इस हेतु जिला स्तर पर मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्थानीय प्राधिकार (मुखिया) का कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी गई। यथा अपने क्षेत्राधीन 6-14 आयुवर्ग के सभी बच्चों का ग्राम षिक्षा रजिस्टर तैयार करना एवं प्रतिवर्ष अद्यतन करना।,प्राथमिक षिक्षा बीच मे छोडने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनका नामांकन पुनः विद्यालय मे कराना, बच्चो को दी जाने वाली सुविधाओं का वितरण एवं मध्याह्न भोजन वितरण का पर्यवेक्षण करना, प्रारंभिक शिक्षा के लिए स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण एवं ग्राम सभा का आयोजन, क्षेत्राधीन विद्यालयों का निरीक्षण करना एवं निरीक्षण टिप्पणी विद्यालय प्रबंधन समिति को उपलब्ध कराना, प्रारंभिक विद्यालयों के षिक्षकों (पारा शिक्षकों सहित) की नियमित उपस्थिति का अनुश्रवण करना, विद्यालय मे यह सुनिष्चित करना कि किसी भी बालक/बालिका के साथ जाति, वर्ग, धार्मिक या लिंग विभेद नही हो।, विद्यालय के सुदृढीकरण में पंचायती राज संस्थान/मुखिया की भुमिका, पंचायत के 100ः बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित कराने मे सहयोग प्रदान करना

**संरचनात्मक बदलाव**

स्वच्छ एवं हरा-भरा परिसर, बायोफेंसिंग एवं खेलकूद का मैदान वर्ग कक्ष एवं अन्य कक्ष का पुर्नव्यस्था, पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय, किचन गार्डेन, डस्टबीन, सुझाव पेटी/खोया-पाया पेटी सामान्य आधाभूत संरचना, विद्यालय भवनों का रखरखाव एवं मरम्मति, ब्लैक बोर्ड की मरम्मति, सुरक्षित पेयजल,जलापूर्ति हाथ धोने की ईकाई, लडकियों और लडको के मूत्रालयों के साथ शौचालय,सेनेटरी पैड वेडिंग मषीन और भस्मक, दिव्यांगो के अनुकूल शौचालय, रैम्प और अन्य, सुसंगत सुविधाएँ एवं किचेन गार्डन,इन्नरनेट कनेक्षन, कक्षा और शौचालय में फर्ष कि व्यवस्था, विद्यालय के दरवाजो/ खिडकियों/ फिक्सचर/ गेट/चारदीवारी आदि की मरम्मत,खेल के मैदानों की तैयारी और रख-रखाव, ग्राम पंचायत के साथ सभी विद्यालयों में देय सुविधाएं- पाठ्य पुस्तक, पोषाक, विद्याालय किट एवं मध्याह्न भोजन आदि उपलब्ध कराने में विद्यालय प्रंब्रध समिति को सहयोग करना, मौसमी पलायन करनेवाले परिवार को चिन्हित करना एवं उन परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था कराने में सहयोग करना, विद्यालय से बाहर एक भी बच्चा नही रहे यह सुनिष्चित कराना, खेल-कूद एवं अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन मे शिक्षकों को सहयोग करना है।

# प्लांट से वगैर काटा किए ओवरलोड ऐश पौंड हाइवा पर लगा जुर्मना

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा :** जिले के टंडवा एनटीपीसी प्लांट से बगैर काटा किए ऐश पौंड लोडेड हाइवा को भेजने के मामले में एनटीपीसी का बलि का बकरा हाईवा मालिको को बनना पड़ा है। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद चतरा परिवहन विभाग का कार्रवाई घिरा विवादों में, बीते पिछले कई दिनों से बगैर कांटा किए प्लांट से ऐश पौंड लोडेड हाईवा निकल रही थी। खबर प्रकाशित होने पर कार्रवाई से कई गंभीर सवाल सुलग रही हैं। हालांकि चतरा उपायुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग के कार्रवाई से एनटीपीसी में पौंड लोडेड परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। बगैर काटा किए और काटा के बगैर चलान दिए ऐश पौंड लोडेड हाइवा को एनटीपीसी प्लांट गेट से बाहर करने वाले प्लांट के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग दर्जनों हाईवा मालिकों ने चतरा उपायुक्त से किया है। हाईवा मालिकों ने कहा है कि बगैर कांटा किए चालान के हाइवा प्लांट से बाहर करने वाले अधिकारियों पर परिवहन विभाग क्यों कार्रवाई नही करती हैं।? किसके संरक्षण में बगैर कांटा किया हाईवा प्लांट से ओवरलोडिंग दुलाई कराई जा रही थी...? बगैर कांटा किए ओवरलोडिंग ऐश पौंड लोडेड हाईवा प्लांट से कैसे निकल रही हैं, क्या परिवहन विभाग अनजान है। यह एक बड़ी अनसुलझी गुत्थी है।

# पंचायत सचिव व मुखिया पति के साथ मारपीट की मामला पकड़ा तुल, विरोध में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के गेजना पंचायत के पंचायत सचिव व मुखिया के बीच हुई मारपीट के मामला तुल पकड़ता नजर आ रहा है। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों ने मुखिया पति के द्वारा पंचायत सचिव व सहायक के साथ हुए मारपीट के विरोध में हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया।जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा ने की ।अंचल अधिकारी अरुण मुंडा सहित प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिव, पंचायत सहायक प्रखण्ड कर्मियों व अंचल कर्मियों समेत अन्य ने कहा कि गेंजना पंचायत सचिव दीपक टोपनो और पंचायत सहायक अमरजीत के साथ घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस अबतक मुखिया पति को गिरफ्तार नहीं की है। जिससे हम सभी प्रखण्ड कर्मी डरे सहमे हुए हैं।वही कर्मियों ने मांग किया है कि मुखिया पति को अविलंब गिरफ्तारी की जाए साथ ही साथ मुखिया का वित्तीय पावर जब्त किया जाए।जिससे कि अपने पॉवर का दुरुपयोग ना करें।धरना प्रदर्शन के वजह से कार्यालय का दिनभर कार्य बाधित रहा।दूर - दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग निराश लौटे।

**किया है पूरा मामला**

प्रखण्ड के गेंजना पंचायत में रविवार शाम आवास जियो टैग को लेकर मुखिया पति सहित समर्थकों और पंचायत सचिव, पंचायत सहायक के बीच मारपीट हुई थी जिसको लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया था।फिलहाल हंटरगंज पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार अनुसंधान के बाद ही पुलिस बड़ी करवाई कर सकती है।

# उपायुक्त ने डीएमएफटी से संचालित योजनाओं की समीक्षा, योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर दिए कई दिशा निर्देश



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अंतर्गत डीएमएफटी मद के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसियों को लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं डीएमओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता : उपायुक्त**

**ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित, चौकीदार से संबंधित, अबुआ आवास, जॉब कार्ड से संबंधित, मुख्यमंत्री सहायता योजना आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

# आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव तारकेश्वर के निदेर्शानुसार मंगलवार को हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के पैनिकला पंचायत अंतर्गत डेमडैम गांव में 90दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया ।जिसमे उपस्थित ग्रामीणों को मिलने वाली सरकारी योजना जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, एवं महिला शसक्तीकरण , डायन बिसाही, दहेज-प्रथा ,घरेलू हिंसा, बालविवाह, वच्चों का शिक्षा के मौलिक अधिकार तथा वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाएं और टोलफ्री नंबर सहित,अगामी 08 मार्च 2025 को व्यवहार न्यायालय चतरा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई । उपस्थित लोगो को निःशुल्क कानूनी सलाह की जानकारी लेने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर पीएल वी संदीप कुमार गुप्ता , पी एल वी, अक्षय कुमार के अलावा दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# रामदेव यादव पैर खींचने वालों मे नही थे, उनसे बहुत कुछ सिखने की जरूरत है : मनोज चंद्रा

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा :** गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी गांव निवासी व्यवसायी सह समाजसेवी रामदेव यादव का पहला पुण्यतिथि मंगलवार को मनाया गया।बारिशाखी पंचायत भवन स्थित इस दौरान आदमकद प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ उनके चित्र पर माला पहनाकर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम का नेतृत्व वीरेंद्र यादव, रामाशीष यादव, रामदेव यादव ने किया ।अनावरण पूर्वमंत्री सत्यानंद भोक्ता,पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला,सिमरिया विधानसभा नेता मनोज चंद्रा समेत अन्य ने किया।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्रा ने कहा कि व्यवसायिक स्व.रामदेव यादव किसी का पैर खींचकर नहीं बल्कि पैर पकड़कर आगे चलना सिखा।इसलिए उनकी पहचान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से था। मित्रता सीखनी है तो,उनके जीवनी से सिख लेकर मित्रता करें। इसलिए व्यवसायिक स्व.रामदेव यादव का भरपाई करना मुश्किल है।कार्यक्रम का संचालन बालेश्वर यादव ने किया।मौके पर उपप्रमुख प्रीतम यादव,चौपारण से विकास यादव, बल्ली यादव दिनेश भारती, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, प्रसादी पासवान ,परमेश्वर रविदास, सुनील कुमार यादव, मुनेश्वर यादव, सतेंद्र दांगी,जिला मेडिकल एजेंसी के मालिक गुड्डू उर्फ अमरीका यादव, सोनू कान्सेप्ट एकेडमी के निदेशक सोनू कुमार, जदयू नेता मुकेश कुमार यादव, बीरेंद्र यादव, गिद्धौर प्रखंड के यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष हेमन यादव, डेगन यादव, बद्री यादव, बलदेव यादव, इटखोरी प्रखंड के यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर यादव समेत हजारों की संख्य मे लोग मौजूद थे।

# कृषक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के सबानों पंचायत के मुखिया नरेश साहू की अध्यक्षता में आत्मा राज्य सहाय अनुदान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी के माध्यम से बीटीएम एवं एटीएम के द्वारा प्राकृतिक खेती, किसान समृद्धि योजना ,गरमा फसल तथा विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई एवं सिमरिया में लगने वाले कृषि मेला के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीटीएम राजेश कुमार, एटीएम सुधीर कुमार, जेएसएलपीएस समूह की महिलाएं और किसान तथा कृषक मित्र उपस्थित थे।




# किसान गोष्ठी में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण




**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतराः** कृषि विभाग के द्वारा हंटरगंज प्रखंड के गेरूआ पंचायत सचिवालय में मंगलवार को किसान गोष्ठी में गांव के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।आयोजित किसान प्रशिक्षण में उन्हें फसल बीमा व जैविक खेती, किसान सम्मान निधि योजना, बीज ग्राम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान धान में उर्वरक एवं जल प्रबंधन के बारे में बताया। जैविक खेती के महत्व के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को फसल बोआई से लेकर फसल के विपणन तक सभी जानकारी दी गई। किसान गोष्ठी प्रशिक्षण में बीटीएम, एटीम, रविंद्र कुमार सिंह, वार्ड सदस्य गौतम कुमार सरवन ठाकुर, के अलावा सैकड़ों लोगों शामिल थे।

# शहरी व ग्रामीण पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग स्वास्थ्य मंत्री से किया : झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल

**स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मांग पत्रकारों को आयुष्मान भारत का कार्ड बनवाने का आदेश दिया जाए: शाहिद इकबाल**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से राँची सरकारी आवास पर मिलकर झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने आवेदन देकर कहा कि झारखंड के विकास में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की बेहतर भूमिका के साथ-साथ पत्रकारिता की भूमिका भी सराहणीय योग्य है. देश की आजादी से लेकर अलग झारखंड राज्य बनाने के आंदोलन में राज्य के पत्रकारों की सराहनीय भूमिका रही है. राज्य के पत्रकार काफी कम संसाधनों में अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों की पूर्ति के साथ-साथ राज्य और देश के विकास में राजनेता और जनता के बीच, प्रशासन और जनता के बीच और न्यायपालिका और जनता के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनते हैं. शाहिद इकबाल ने कहा कि शहरी पत्रकारों के साथ-साथ ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका भी काफी उल्लेखनीय है. ज्यादातर ग्रामीण पत्रकार गैरवैतनिक हैं. उन्हें ना तो उनके संस्थान की ओर से ना ही अन्य किसी माध्यम से आर्थिक सहायता मिलती है, जिससे वे अपने परिवार का गुजारा कर सके. बावजूद इसके ग्रामीण पत्रकार गांव-समाज की समस्याओं, राजनेताओं की सकारात्मक भूमिका से लेकर प्रशासन के कार्यों को जनता के बीच और गरीब जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के कार्य में लगातार संघर्षशील है. कांग्रेस पार्टी देश की आजादी के लिए अपनी महती भूमिका निभाई है और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए लंबी लड़ाई लड़ने वाली पार्टी रही है. ऐसे में पत्रकारों के संघर्ष को ध्यान में रखते हुए उन्हें न्यूनतम सुविधाएं पहुंचाना भी राज्य सरकार की जिम्मेदारी है. महोदय आपसे अनुरोध है कि राज्य के पत्रकारों को स्वास्थय विभाग की ओर से आयुष्मान भारत का कार्ड बनवाने का आदेश दिया जाए. जिससे वे आयुष्मान भारत कार्ड का इस्तेमाल अपने व अपने परिजनों के इलाज के लिए कर सकें. इससे एक ओर जहां सभी पत्रकार आपके प्रति आभारी रहेंगे. साथ ही साथ आपके इस ऐतिहासिक कदम को पत्रकार जीवनपर्यंत याद रखेंगे. माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# सदर अस्पताल में सभी प्रकार की दवा उपलब्ध करवाने एवं सारी सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु स्वास्थ मंत्री से मिले मनोबर आलम

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** रांची में स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी से हिरणपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोवर आलम ने उनके रांची स्थित मंत्री आवास में मुलाकात कर सदर अस्पताल सोनाजोड़ी के स्वास्थ व्यवस्था के संदर्भ में लिखित ओर मौखिक रूप से स्थिति को बताया. मंत्री को सदर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाला भोजन की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए कहा.

साथ ही इस बात का भी उल्लेख मंत्री के सामने किया की सदर अस्पताल में प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था हो ताकि मरीजों को दिक्कत न हो। सदर अस्पताल में सभी प्रकार की दवा की व्यवस्था हो,सदर अस्पताल के अंदर निजी मेडिकल को हटाया जाए. मंत्री ने पत्र को देखकर बातो को सुना और जल्द ही हल करने आश्वाशन दिया. खाद्य आपूर्ति में नियमित जांच करने इसकी निगरानी टीम बनाने और गोदाम से डीलर को अनाज सही देने पर भी रोशनी डाला. मनोहर का कहना है कि गोदाम से अनाज देने ने कटौती होती है. डीएसडी द्वारा ओवर लोड अनाज लेजाने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है. इसपर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से इसकी जांच करवाने की मांग की. मंत्री ने कहा की सत्र के बाद इन सब मामले को देखकर सुधार किया जाएगा साथ ही कहा की स्वास्थ व्यवस्था में सुधार किया जाएगा.



# सेहत और सौन्दर्य का रक्षक भुट्टा

**भुट्टा जिसे कॉर्न या मकई सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है. कई खतरनाक रोगों से रक्षा तो करता ही है सौन्दर्य को भी बरकरार रखता है. भुट्टा जिसे कॉर्न और मकई भी कहा जाता है, का प्रयोग तरह-तरह के व्यंजन बनाने में किया जाता है. यह ऐसा अनाज है जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है. मकई का आटा कोलोन कैंसर के खतरे को कम करता है.**

## दुरुस्त करता पाचन

कॉर्न में फाइबर यानी भरपूर रेशे होते हैं. ये रेशे भोजन को पचाने के लिए जरूरी हैं. यह कब्ज और पेट में होने वाले कैंसर की आशंका को कम करता है.

## प्रचुर मात्रा में खनिज

कॉर्न के दानों में भरपूर मिनरल्स पाये जाते हैं. इसमें आयरन, मैग्नीशियम और कॉपर के अलावा फॉस्फोरस भी पाया जाता है. ये तत्व हड्डियों के लिए जरूरी है. इन तत्वों से हड्डियां मजबूत होती हैं. इसका सेवन किडनी को भी मजबूत करता है.

## त्वचा को बनाता है चमकदार

कॉर्न लंबे समय तक त्वचा को कांतिमय रखने में मददगार होता है. एंटीऑक्सीडेंट्स की प्रचुरता के अलावा इसके तेल में लिनोलिक एसिड होता है.

## एनीमिया से करता है बचाव

मक्के में आयरन होता है. आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है और इसके कारण लाल रक्त कणों की संख्या घट जाती है. मक्के में विटामिन-बी और फोलिक एसिड मौजूद होते हैं जो एनीमिया होने से बचाव करते हैं.

## कंट्रोल करता है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल ऐसा पदार्थ है, जो बढ़ने पर नुकसाद पहुंचाता है. कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार के होते हैं गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) और बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल).
कोलेस्ट्रॉल में फैटी फूड आते हैं जो हमारे दिल को कमजोर बनाते हैं. स्वीट कॉर्न में विटामिन-सी होते हैं जो हमारे दिल को स्वस्थ रखते और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करते हैं. कॉर्न में प्रचुर मात्रा में फाइटोकेमिकल्स होते हैं जो कैंसर होने के कारणों को रोकते हैं. कॉर्न में विटामिन-बी भी होता है जो तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने में मददगार हैं. कॉर्न उन डायबिटीज पीड़ितों के लिए जरूरी है, जो इंसुलिन नहीं लेते. कॉर्न उनके डायबिटीज को कंट्रोल करते हैं. मकई में मौजूद कैरोटेनोइड आंखों की ज्योति बढ़ाने के साथ ही विटामिन ए भी उपलब्ध कराता है. मकई के दानों यानी भुट्टों को पकाकर भी खाया जाता है. इससे जहां दांतों की बेहतर एक्सरसाइज होती है, वहीं यह पेट को ठीक करता है.

## सौंदर्य का साथी

कई तरह के कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स बनाने में कॉर्न स्टार्च का प्रयोग किया जाता है. साथ ही, इसका प्रयोग त्वचा की जलन और रैशेस को कम करने के लिए भी किया जाता है. कैंसरकारी पेट्रोलियम उत्पाद जो कि कई तरह के कॉस्मेटिक्स को बनाने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है अब इनके स्थान पर कॉर्न के उत्पाद का प्रयोग किया जाने लगा है.

# सावधान कैल्शियम की कमी खतरनाक



हड्डियों और दांतों के लिए कैल्शियम जरूरी है. इसकी कमी ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन जाता है. सभी जानते हैं कि मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए कैल्शियम जरूरी है. कैल्शियम कोलोन (मलाशय) से विषैली चीजों को बाहर निकालने में मदद करने के साथ ही यह हमारी तंत्रिका तंत्र के लिए भी जरूरी है. अगर किसी कारण में शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है तो यह ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनता है. एक नये अध्ययन के अनुसार, इस आवश्यक मिनरल की कम मात्रा लेने से आपको हाइपर पैराथायराइडिज्म (पीएचपीटी) जो एक तरह की हार्मोनल कंडीशन है, हो सकती है. अगर समय रहते इसका इलाज न किया गया तो आपकी हड्डियों का कैल्शियम सूख सकता है. हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के इस अध्ययन में पाया गया कि जो महिलाएं फल और सप्लीमेंट्स के जरिये ज्यादा कैल्शियम ग्रहण करती हैं उनमें पीएचपीटी, जो पैराथायराइड हार्मोन के अनियंत्रित रिसाव का कारण होता है, होने का खतरा कम हो जाता है. आप अपने भोजन और दूसरी सामग्री में कैल्शियम की मात्रा को थोड़ी सावधानी से बढ़ा सकते हैं

**सॉफ्ट ड्रिंक कम** - अत्यधिक मात्रा में फास्फोरस के कारण सॉफ्ट ड्रिंक्स शरीर के कैल्शियम ग्रहण करने की क्षमता में बाधा डालता है. साथ ही, पिज्जा, चिप्स या दूसरे सॉल्टी फूड्स के साथ सॉफ्ट ड्रिंक के सेवन से भी कैल्शियम अवशोषण में बाधा पहुंचती है क्योंकि इससे बढ़ा हुआ कैल्शियम यूरिन के जरिये नष्ट हो जाता है. साग-सब्जी का सेवन ब्रोकली, सलाद पत्ता, पत्ता गोभी और दूसरी पत्ते दार सब्जियां कैल्शियम का अच्छा स्रोत हैं लेकिन समस्या यह है कि हरी सब्जियों में पाया जाने वाला कैल्शियम डायट्री उत्पाद की तुलना में शरीर में आसानी से अवशोषित नहीं हो पाता क्योंकि इनमें केमिकल लगा होता है. हालांकि यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है कि आप अपनी डाइट में ज्यादा कैल्शियम नॉन डेयरी प्रोडक्ट्स से पाते हैं. इसके लिए आप कैल्शियम से भरपूर कॉम्बीनेशन जैसे पालक या सलाद पत्ता को तिल या बीन्स (जो कैल्शियम का बेहतर स्रोत है) और चीज के साथ ले सकते हैं. विटामिन-डी भी जरूरी हड्डियों की सेहत के लिए विटामिन-डी बेहद जरूरी है और इसका कैल्शियम के साथ सह-क्रियाशीलता का संबंध है.

**धूप-** विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों के दौरान विटामिन-डी की कमी के कारण हम 2 से 4 प्रतिशत बोन डेन्सिटी खो देते हैं. इस बात का विरोध करते हुए कई एक्सपर्ट्स अब इस बात की सलाह देते हैं कि दिनभर में 15 मिनट धूप में बिताने से हमारे शरीर को विटामिन-डी को प्राकृतिक रूप से बनाने में मदद मिलती है.

**कॉफी कम** - कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से कैल्शियम उत्सर्जन की दर बढ़ने के कारण हड्डियां कमजोर हो सकती हैं. इसलिए इस खतरे से बचने के लिए दिनभर में केवल दो कप कॉफी पियें. उच्च प्रोटीन से सावधान- जिनकी डाइट में एनीमल प्रोटीन ज्यादा होता है, वास्तव में उनकी हड्डियों से कैल्शियम का क्षरण होने लगता है. ऐसा इसलिए है, क्योंकि प्रोटीन ऐसे तत्वों को तोड़ता है जो एसिडिक होते हैं और हमारे शरीर में मौजूद कैल्शियम उन्हें जमा करता जाता है. अगर आप अत्यधिक रेड मीट और अंडे का सेवन करते हैं तो आपको ज्यादा मात्रा में कैल्शियम लेने की जरूरत है.

# मधुमेह से बचना है तो जी भर कर सोएं

अगर आप भरपूर नींद लेते हैं तो आप में टाइप-2 मधुमेह होने का जोखिम काफी कम हो जाता है. यह एक नये अध्ययन में दावा किया गया है. लास ऐंजिलिस बायोमेडिकल रिसर्च इस्टीट्यूट के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सप्ताहांत में तीन रात की अच्छी नींद काफी हद तक इंसुलिन की सक्रियता बढा देती जिसके न बनने और शरीर पर उसकी प्रतिक्रिया नहीं होने से यह बीमारी होती. प्रमुख अनुसंधानकर्ता डा. पीटर लिउ ने बताया कि हम सभी जानते हैं कि पर्याप्त नींद जरूरी है लेकिन अधिक काम की वजह से समय नहीं निकाल पाते. हमारे अध्ययन में पाया गया कि नींद के घंटे बढा देने से शरीर के इंसुलिन का इस्तेमाल करने की क्षमता बढती है और प्रौढ व्यक्तियों में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम कम हो जाता है. इंसुलिन किसी व्यक्ति के रक्त में शर्करा के स्तर को नियमित करने के लिये जिम्मेदार है. टाइप-2 मधुमेह के मरीज का शरीर उससे निकलने वाले इंसुलिन का कारगर ढंग से इस्तेमाल नहीं करता और इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता. लिउ ने कहा कि अच्छी खबर है कि प्रौढ व्यक्ति जो अधिक काम की वजह से पर्याप्त नहीं सो पाते हैं वे अगर सोने के घंटे बढा दें तो यह जोखिम कम हो सकता है.



# थायराइड से सबसे ज्यादा पीड़ित महिलाएं

थायराइड की बीमारी तेजी से बढ़ रही है. आंकड़ों की बात करें तो सवा चार करोड़ लोग देश में थायराइड की बीमारी से पीड़ित हैं. इनमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं. आश्चर्य की बात है कि 8-10 प्रतिशत मरीजों की पहचान हो सकी है. थायराइड बीमारी तीन प्रकार की होती है. थायराइड ग्रंथि से हार्मोन बनना बंद या कम हो जाय तो इसे हाइपोथायराइडिज्म कहते हैं जबकि थायराइड हार्मोन की मात्रा अधिक बनने लगती है तो उसे हाइपरथायराइडिज्म कहते हैं. जबकि तीसरी बीमारी घेंघा है. हाइपोथायराइडिज्म के मरीजों की संख्या सबसे अधिक होती है.

## क्या है थायराइड?

थायराइड एक इंडोक्राइन ग्रंथि होती है जो गर्दन के निचले हिस्से में एडमस एप्पल के ठीक नीचे होती है. इसका काम थायरोक्सिन हार्मोन बनाकर खून तक पहुंचाना है जिससे शरीर का मेटाबोलिज्म नियंत्रित रहे. शरीर में थायराइड हार्मोन की मात्रा कम हो जाय तो सुस्ती औरअधिक होने पर शारीरिक क्रियाएं तेज हो जाती हैं. थायराइड ग्रंथि का पिटयूटरी ग्रंथि से नियंत्रण होता है जबकि पिटयूटरी ग्रंथि हाइपोथेलमस से नियंत्रित होती है. हाइपोथायराइडिज्म में टीएसएच का स्तर बढ़ जाता है और टी3 व टी4 की मात्रा कम हो जाती है. हाइपरथायराइडिज्म में टीएसएच का स्तर घट और टी3 व टी4 की मात्रा बढ़ जाती है.

## हाइपोथायराइडिज्म

**लक्षण** - हमेशा थकान महसूस होना. बिना कारण वजन बढ़ना.



डिप्रेशन या अवसाद होना. हमेशा ठंड लगना. पेट में कब्ज बना रहना. अजीब तरह का दर्द महसूस होना. मासिक स्राव का अधिक होना. एकाग्रता की कमी होना. त्वचा और बाल रुखे हो जाना.

**कारण** - आयोडिन की कमी (एंडेमिक गोवाएटर) हशीमो टो थायरोडायटिस. सर्जरी या रेडियो आयोडिन थैरेपी के बाद. कुछ प्रकार की दवाइयों का सेवन.

## हाइपरथायराइडिज्म

**लक्षण** - घबराहट या चिड़चिड़ा महसूस करना. अनियमित हृदय का धड़कना. गर्मी सहन न होना. हाथ में कंपन होना. अधिक पसीना आना. बिना कारण वजन कम होना. नींद न आना. थायराइड ग्रंथि का बढ़ना (घेंघा). मासिक स्राव का कम होना. प्रजनन शक्ति क्षीण होना.

**कारण** - ग्रेव डिजीज. टॉक्सिक मल्टी नोडल गोवाएटर. टॉक्सिक एडिनोमा. अधिक मात्रा में हार्मोन की गोली का सेवन.

**इलाज** - थायराइड की बीमारियों का इलाज बीमारी के प्रकार पर निर्भर करता है. हाइपोथायराइडिज्म में मरीज का इलाज सप्लीमेंट्री थैरेपी से किया जाता है. इसमें थायराइड के हार्मोन (थायरोक्सिन हार्मोन) बाहर से दिया जाता है. हाइपरथायराइडिज्म का इलाज तीन विधि से किया जाता है. पहली विधि में एंटी थायराइड ड्रग्स दी जाती है. दूसरी विधि में रेडियो एक्टिव आयोडिन से ग्रंथि को नियंत्रित किया जाता है जिसे रेडियो आयोडिन थैरेपी कहते हैं. तीसरी विधि में सर्जरी करके इलाज किया जाता है. वहीं घेंघा का एक मात्र इलाज ऑपरेशन होता है. बचाव थायराइड की बीमारी से बचाव के लिए अभी तक डॉक्टर आयोडिन युक्त नमक के सेवन की सलाह देते हैं जिससे शरीर में आयोडिन की मात्रा संतुलित रहे, थायराइड की बीमारियां न हो.

## थायराइड ग्रंथि का आकार बढ़ने से होता है घेंघा

थायराइड ग्रंथि का आकार बढ़ने को ही घेंघा कहते हैं. इसमें थायराइड ग्रंथि बढ़कर गले के सामने की ओर गांठ के रूप में दिखाई देने लगती है. इसमें दर्द नहीं होता है. घेंघा के बढ़ने से सांस की नली, खाने की नली और आवाज की नस पर दबाव पड़ता है. घेंघा छाती के अंदर भी जा सकता है. घेंघा के बारे में लोगों की सोच होती है कि इससे शरीर पर कोई नुकसान नहीं होता है लेकिन कई बार देखा गया है घेंघा कैंसर में बदल जाता है. मरीज की जान पर बन आती है. थायराइड ग्रंथि में कई प्रकार के कैंसर होते हैं. इनमें पेपीलेरी थायराइड कैंसर, फोलीक्यू लर थायराइड कैंसर, मे डयूले री थायराइड कैंसर और अनॉप्लास्टिक थायराइड कैंसर शामिल है.

## घेंघा में थायराइड कैंसर के लक्षण

अचानक कम उम्र में घेंघा का होना. पुराना घेंघा का अचानक से बढ़ना. घेंघा के साथ खाना निगलने में परेशानी होना. घेंघा होने पर सूखी खांसी के साथ खून आना. घेंघा के साथ गले के बगल में गांठ का बनना. घेंघा के साथ आवाज में परिवर्तन या भारी पड़ना.

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?



प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है।

# आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी. आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा. मुश्किल दौर में आपकी जिन रिश्तेदारों ने मदद की है, उनके लिए अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करें. आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा. कृतज्ञता जीवन की सुगंध को फैलाती है और अहसान-फरामोशी इसे तार-तार कर देती है. हर रोज प्रेम में पड़ने की अपनी आदत को बदलिए.

**वृषभ राशि :-** अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे. बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए. आपकी दिलचस्प रचनात्मकता आज घर के वातावरण को सुखद बनाएगी. अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें.

**मिथुन राशि :-** अगर मुमकिन हो तो लम्बे सफर पर जाने से बचें, क्योंकि लम्बी यात्राओं के लिए अभी आप कमजोर हैं और उनसे आपकी कमजोरी और बढ़ेगी. ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं- लेकिन आज अपने खर्चों को बहुत ज्यादा बढ़ाने से बचें. प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी.

**कर्क राशि :-** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है. वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें. घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें. प्रेम निःसीम होता है, सभी सीमाओं के परे; आपने ये बातें पहले भी सुनी होंगी. लेकिन आज वह दिन है जब आप अगर चाहें तो यह खुद महसूस कर सकते हैं.

**सिंह राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे। आमदनी बढ? से मानसिक सुख की प्राप्ति होगी और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा और नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। लम्बे समय से प्रयासरत कार्यों में सफलता मिलेगी। आमदनी में वृद्धि से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होने से तनाव झेलना पड़ सकता है। खान-पान में सावधानी रखें। मित्रों से कार्यों में मदद मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आशानुरूप सफलता और फायदा मिलेगा। व्यापार में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। अधिक परिश्रम से मानसिक एवं शारीरिक रूप से थकान व अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी मोटी यात्रा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ समय बिताएंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभकारी सौदे होंगे। व्यापारिक रुकावटें दूर होंगी। नए निवेश के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनावश्य खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल सुखमय होगा। जीवनसाथी से सामंजस्य बना रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आ सकती है।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे, जिससे ऊर्जा व उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। पैतृक संपत्ति से धनलाभ होने के योग रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभदायी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो सकता है। सेहत संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में यात्रा भी कर सकते हैं। परिवार में किसी से मनमुटाव की संभावना रहेगी।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा और खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा व समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करेंगे। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढने से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, इसलिए वाणी पर संयम रखकर वाद-विवाद से बच सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। निवेश सोच समझकर करें। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

रमेश सर्राफ धमोरा

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे




से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्व यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

# जूवेनाइल जस्टिस एक्ट पर सवाल

साल 2018 कठुआ गैंगरेप ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। 8 साल की मासूम के साथ गैंगरेप और मर्डर करने वाले आरोपियों में एक नाबालिग था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपराध के समय वह बालिग था इसलिए उसपर जूवेनाइल की जगह वयस्क के रूप में ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 के बहुचर्चित कठुआ गैंगरेप और मर्डर केस में नाबालिग बताए गए एक आरोपी के बारे में यह व्यवस्था दी कि वह अपराध को अंजाम देते वक्त बालिग था और इसीलिए उसके खिलाफ एक वयस्क के रूप में ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। यह मामला आठ साल की एक बच्ची के साथ क्रूरता की इंतिहा के चलते ही नहीं, आरोपियों के बचाव में शुरू की गई राजनीतिक मुहिम के कारण भी देश भर में चर्चित हुआ था। मगर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले की अहमियत के कई और पहलू भी हैं। इस आरोपी की सही उम्र को लेकर संदेह शुरू से था। बचाव पक्ष की ओर से इस संबंध में जो दस्तावेज पेश किए गए थे, उनमें भी खामियां पाई गईं। मगर निचली अदालतों में ये खामियां नहीं पकड़ी जा सकीं।

सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं खामियों को मद्देनजर रखते हुए विशेषज्ञों की समिति की उस रिपोर्ट पर भरोसा करना बेहतर समझा, जिसमें अपराध के समय आरोपी की उम्र 19 से 23 साल के बीच होने की बात कही गई है। हालांकि कोर्ट ने भी माना कि विशेषज्ञों की ऐसी मेडिकल ओपिनियन कोई ठोस साक्ष्य नहीं बल्कि एक राय ही है, लेकिन फिर भी उसने कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों के मामले में अगर आरोपी की उम्र को लेकर संदेह की स्थिति बनती हो तो अपर्याप्त दस्तावेज के बजाय इस राय को ही फैसले का आधार बनाया जाना चाहिए। फैसले का दूसरा अहम पहलू अपराधियों को नाबालिग मान कर उन्हें दी जाने वाली कानूनी रियायतों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट का यह ऑब्जर्वेशन बेहद महत्वपूर्ण है कि नाबालिग बताकर अपराधियों को सजा में रियायतें दिए जाने से उनमें सुधार होने के बजाय अपराधियों का दुस्साहस ही बढ़ता है।

साफ है कि कोर्ट का इशारा जूवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की ओर था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के औचित्य पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह कहते हुए इस पर सवाल जरूर खड़ा कर दिया कि नाबालिगों द्वारा अपराध के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हम यह सोचने को मजबूर हैं कि क्या सचमुच यह कानून अपना मकसद पूरा करने में कामयाब हुआ है। साफ है कि अब आगे का काम सरकार का है। निश्चित रूप से कच्ची उम्र में किए गए अपराधों के लिए सजा देते हुए ध्यान बच्चों के सुधार पर ही होना चाहिए, लेकिन कोई खास प्रावधान उन बच्चों में सुधार ला रहा है या नहीं, यह देखना भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। खासकर जब ऐसे संकेत मिल रहे हों कि घृणित कृत्यों को अंजाम देने के बाद अपराधी तत्व उस प्रावधान का इस्तेमाल अपनी सजा कम करवाने में कर रहे हैं, तो फिर उसकी अनदेखी करने का कोई कारण नहीं रह जाता। सरकार को तत्काल इस दृष्टि से जूवेनाइल जस्टिस एक्ट पर पुनर्विचार की दिशा में प्रयास शुरू कर देने चाहिए।

# संक्रमण से मौतें

जीवाणुओं के संक्रमण से होने वाली मौतों के मामलों में आज भी भारत की स्थिति कितनी दयनीय है, इसका पता लैंसेट के एक अध्ययन ह्यग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी-2019ह्व से चलता है। इस अध्ययन में यह सामने आया कि वर्ष 2019 में तैंतीस तरह के सामान्य जीवाणुओं के संक्रमण से करीब चौदह लाख लोग मारे गए और इनमें से छह लाख अस्सी हजार लोगों की मौत का कारण सिर्फ पांच तरह के जीवाणुओं के होने वाला संक्रमण था। वैश्विक स्तर पर देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों का दूसरा बड़ा कारण जीवाणु संक्रमण रहा। यानी वर्ष 2019 में दुनियाभर में सतहत्तर लाख मौतें तैंतीस तरह के जीवाणुओं से हुईं। भारत के संदर्भ में यह कम चिंताजनक स्थिति नहीं है। जिन पांच जीवाणुओं के संक्रमण से लाखों लोग मौत के मुंह में चले गए, उनमें निमोनिया, मूत्र संक्रमण और टायफायड जैसे रोगों के मामले कहीं ज्यादा हैं। आमतौर पर ये बीमारियां हमारे रहन-सहन और खानपान से ही होती हैं। इससे पता चलता है कि स्वास्थ्य, रहन-सहन, खानपान, प्रदूषण, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की उपलब्धता के मोर्चे पर हम कहां खड़े हैं। और फिर ये आंकड़े तो वे हैं जो कहीं न कहीं दर्ज रहे होंगे। भारत के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में तो ऐसी संक्रामक बीमारियों से न जाने कितनी मौतें हर साल हो जाती हैं, जो सरकारी रिकार्ड में दर्ज भी नहीं हो पातीं! ऐसे अध्ययन और शोध सिर्फ चौंकाते ही नहीं हैं, बल्कि सचेत भी करते हैं कि हमें किस मोर्चे पर क्या काम करना है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सामान्य संक्रमणों से भी मरने वालों का आंकड़ा कम नहीं है। इससे पता चलता है कि लोगों को मामूली बीमारियों के इलाज भी आसानी से मुहैया नहीं हो पाते हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति आज भी किस हाल में है, यह किसी से छिपा नहीं है। कहने को देश में बड़े-बड़े पांच सितारा और निजी अस्पतालों की भरमार होती जा रही है, लेकिन आबादी के बड़े हिस्से की यहां तक पहुंच ही नहीं है।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों के बोझ से लेकर दूसरी अनगिनत समस्याएं हैं। हजारों लोगों पर एक डाक्टर, एक बिस्तर दशकों से चली आ रही समस्या है। अस्पतालों में उपकरणों और दवाइयों की भारी कमी हमेशा की बीमारी है। जिला अस्पतालों से लेकर ग्रामीण इलाकों में बने प्राथमिक और सामुदायिक चिकित्सा केंद्रों की हालत कौन नहीं जानता। यह भी जगजाहिर है ही कि चिकित्सा सेवा का कर्म किस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा चुका है। जाहिर है, ऐसे में सामान्य संक्रमण से भी लोग मरेंगे ही! संक्रामक रोग फैलाने वाले जीवाणुओं के पनपने और फैलने का बड़ा कारण स्वच्छता से भी जुड़ा है। भारत के ज्यादातर शहरों में सीवर समस्या से लेकर कूड़े के पहाड़ तक गंभीर संकट का कारण बने हुए हैं। घरों में नलों के जरिए पहुंचाए जाने वाले पानी में सीवर लाइनों का पानी और कीड़े मिलने जैसी शिकायतें इतनी आम हैं कि स्थानीय निकाय और प्रशासन इन्हें समस्या के रूप में देखते ही नहीं। देश की राजधानी दिल्ली में तीन बड़े कूड़े के पहाड़ करीब चार दशकों से खड़े हैं, जो समय-समय पर धधकते रहते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लाखों लोग किस तरह के प्रदूषण में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में बीमारियां नहीं फैलेंगी तो क्या होगा? अगर सामान्य जीवाणुओं के संक्रमण से लाखों लोग मर रहे हैं तो निश्चित ही इसके लिए जिम्मेदार हमारे नीति-नियंता और दोषपूर्ण नीतियां हैं। संक्रमित बीमारियों पर काबू पाना है तो इसके लिए व्यवस्था को संक्रमणमुक्त करना होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में छुड़ाने गये युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर :** जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के बाघाखाल में देर रात आपसी विवाद में छुड़ाने गये युवक को चचेरे भाई ने चाकू से वारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।जख्मी हालत में उसे रामनगर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति ठीक नहीं हो सकी और इलाज के दौरान उसकी मौत अस्पताल में आज हओ गयी। मृतक के परिजन ने बताया कि आपस में मोहित कुमार सिंह अपने बच्चो एवं परिवार को मारपीट कर रहा था। बीच बचाव करने गये चचेरे भाई अभिषेक कुमार सिंह को मोहित कुमार ने ताबड़तोड़ चाकू से वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। चाकू पेट में कई बार मारा गया है। गायघाट थानाध्यक्ष उमाकांत सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। आपसी विवाद में युवक मारपीट कर रहा था, जिसमें छुड़ाने के लिए गये अभिषेक कुमार सिंह को उसके चचेरे भाई ने चाकू से वारकर हत्या कर दी हैं। शव का पोस्टमार्टम एसकेएमसीएच में कराया जा रहा है। आवेदन मिलने पर विभिन्न विंदुओ पर जांच शुरू कर दी जाएगी।

### महाशिवरात्रि को लेकर सादर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**किशनगंज :** महाशिवरात्रि को लेकर सादर थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी, बीडीओ व सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन की मौजूदगी में बैठक आयोजित की है। इसमें महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी ने कहा कि यहां लोग सभी पर्व मिल जुलकर मनाते है। महाशिवरात्रि का पर्व भी अच्छे से गुजरेगी।एसडीएम ने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर भूतनाथ गौशाला मंदिर से जो शिव बारात निकाली जाती है उसमें सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। सदर थानाध्यक्ष ने कहा कि लाइसेंस में जो रूट निर्धारित है उस मार्ग पर पुलिस की तैनाती रहेगी। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता हरि अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू, पार्षद, चिंटू त्रिपाठ, मुकेश मल्लिक, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

### किसानों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में एनडीए सरकार अग्रसरः उमेश कुशवाहा

**पटना :** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भागलपुर की धरती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के 9 करोड़ 80 लाख से अधिक अन्नदाताओं के बैंक खाते में किसान सम्मान निधि के तहत 19 वीं किस्त जारी किया जाना समस्त बिहारवासियों के लिए अत्यंत गौरवमयी क्षण है, जिसके तहत केवल बिहार के तकरीबन 76 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार किसानों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका असर जमीन पर भी नजर आता है। साथ ही भागलपुर की धरती से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को कई सौगात देने का काम किया है,जिसमें मुख्य रूप से 526 करोड़ रुपये की लागत से रिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेल खंड का दोहरीकरण, 47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस्माइलपुर-रफीगंज सड़क एवं 113.27 करोड़ रुपये की लागत से डेयरी उत्पाद संयंत्र है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसानों की आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। वर्ष 2008-12 में पहला कृषि रोड मैप बजट 7 हजार 62 करोड़ का था। 2023-28 का चैथा कृषि रोडमैप 1 लाख 62 हजार करोड़ का हो चुका है। यह परिवर्तन किसानों के प्रति नीतीश सरकार की ईमानदार सोच को प्रदर्शित करता है। धान, मक्का, गेहूँ और आलू की उत्पादकता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। साथ ही बिहार में मछली का उत्पादन भी कई गुना बढ़ा है। जिसका जिक्र प्रधानमंत्री ने भी अपने संबोधन में किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार किसानों की आय बढ़ाने को लेकर काफी संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

### एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी,सड़क हादसे में हुई दोनो की मौत

**पूर्वी चंपारण :** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात सड़क हादसा में दो ममेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसा सेमरा गांव के पास एनएच-27 पर हुआ, जब तेज रफ्तार आर वन 5 बाइक पर सवार दोनो भाई ओवरटेक करने के प्रयास कर रहे थे। मृतकों की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के चितहा गांव निवासी 22 वर्षीय आशुतोष कुमार और आदापुर थाना क्षेत्र के 22 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई। साहिल, आशुतोष के मामा का लड़का था। दोनों अपने बहनोई गोलू ठाकुर के घर कुआंवा गांव जा रहे थे,तब ही यह हादसा हुआ।पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को दोनो भाईयो की अर्थी एक साथ उठी तो पूरा माहौल गमगीन हो गया।दोनो के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

### पूर्णिया-कटिहार में मखाना बोर्ड की मांग को लेकर पप्पू यादव ने बुलाया सांकेतिक बंद

**पूर्णिया :** निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मखाना बोर्ड के कार्यालय की स्थापना की मांग को लेकर पूर्णिया और कटिहार में सांकेतिक बंद का आह्वान किया है। इस दौरान उनके समर्थक सड़कों पर उतर आए हैं और नारेबाजी करते हुए दुकानों को बंद करवा रहे हैं। प्रदर्शनकारी स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि यदि सरकार मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा नहीं करती है, तो वे आगे भी सीमांचल कोसी को बंद करेंगे। पप्पू यादव ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार नहीं सुनती है, तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे और रेलवे पटरियों पर बैठकर चक्का जाम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए यह लड़ाई लड़ रहे हैं.

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं पटना, पीएमसीएच के शताब्दी वर्ष समारोह में होंगी शामिल

एजेंसी



**पटनाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के बाद आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचीं हैं. देश के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेज पटना मेडिकल कॉलेज के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं. इस शताब्दी वर्ष समारोह में राष्ट्रपति शामिल होंगी. पटना के गांधी मैदान के पास स्थित बापू सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.

आज राष्ट्रपति के कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे. बता दें कि पीएमसीएच एशिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन रहा है. 5000 करोड़ से अधिक की राशि वाले इस अस्पताल में 5000 बेड से अधिक बेड हैं. राष्ट्रपति पीएमसीएच के पहले फेज के भवन का उद्घाटन भी करेंगी. कार्यक्रम में पटना मेडिकल कॉलेज के 3500 पूर्व और वर्तमान छात्र फैकल्टी मेंबर मौजूद रहेंगे.

राष्ट्रपति इस समारोह में लगभग एक घंटे तक उपस्थित रहेंगी. राष्ट्रपति आज 11:00 बजे वायु सेना की विशेष विमान से पटना हवाई अड्डा पहुंचेंगी. वहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री स्वागत करेंगे. इसके बाद यहां से वह राज भवन के लिए प्रस्थान करेंगी. राज भवन में विश्राम के बाद ज्ञान भवन के कार्यक्रम के लिए रवाना होंगी. राष्ट्रपति दोपहर 12:15 बजे कार्यक्रम में भाग लेंगी और 1:15 बजे तक वहीं रहेंगी. वहीं राष्ट्रपति पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब जा सकती हैं. राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं.

बता दें कि 1:15 बजे राष्ट्रगान से कार्यक्रम की समाप्ति के बाद राष्ट्रपति वापस राजभवन जाएंगी और वहां लंच करेंगी. वो रात्रि विश्राम भी राजभवन में ही करेंगी.वहीं 26 फरवरी को दिल्ली रवाना हो जाएंगी. राष्ट्रपति अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन सुबह का नाश्ता करने के बाद 9:35 बजे राजभवन से पटना एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगी. राष्ट्रपति 9:45 बजे पटना हवाई अड्डे पहुंचेंगी और 9:55 बजे वायु सेवा के विशेष विमान से मध्य प्रदेश के लिए रवाना होंगी. राष्ट्रपति मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम स्थित 251 लड़कियों की सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी. राष्ट्रपति का इस बार दो दिनों का दौरा है.

## नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या, सिर पर था 13 लाख का इनाम

एजेंसी



**गयाः** बिहार के गया में बिहार-झारखंड के वांछित माओवादी विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. इस पर झारखंड में 10 लाख और बिहार में 3 लाख का इनाम था. नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जोनल कमेटी में शीर्ष नक्सली लीडर में शामिल विवेक यादव लंबे अरसे से सक्रिय था.

बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जनरल कमेटी के प्रभारी संदीप यादव के मारे जाने के बाद नक्सली गतिविधियों के संचालन में इसकी अहम भूमिका होती थी. गौरतलब हो कि मंगलवार को गया जिले के डुमरिया थाना अंतर्गत मंझौली के टेकरा खुर्द गांव के समीप जंगल में इसका शव पाया गया. इसकी गोली मारकर हत्या की की गई थी. माना जा रहा है कि नक्सलियों के आपसी वर्चस्व की लड़ाई में विवेक यादव को गोली मारी गई.

इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मंगलवार को शव बरामद हुआ था, उसकी पहचान बिहार-झारखंड का कुख्यात माओवादी विवेक यादव के रूप उर्फ नेता जी के रूप में हुई है. विवेक यादव कई उपनामों से जाना जाता था. इसे सुनील यादव, कारू जी, ब्रेक जी, नेताजी के नाम से भी लोग जानते थे. विवेक यादव कोठी थाना के करनड़ गांव का रहने वाला था. बिहार-झारखंड का कुख्यात माओवादी विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है.

# बालू घाट डकैती का आरोपित गिरफ्तार,चोरी की कार बरामद

एजेंसी



**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर बालू घाट डकैती कांड के फरार आरोपित राहुल उपाध्याय को एक चोरी के कार साथ सोमवार रात राजपुर नासरीगंज मार्ग से पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधी पर आधे दर्जन के अधिक अपराधिक मामले दर्ज है।

एसपी रौशन कुमार के अनुसार गत 17 जनवरी की रात बालू घाट में लगभग एक दर्जन अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था।

इस कांड के उद्वेदन के लिए एसडीपीओ बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था ।विशेष टीम द्वारा कांड में संलिप्त दयाशंकर कुमार, राहुल कुमार, अजीत कुमार उर्फ बनरा ,अमन कुमार ,अनीश कुमार व दीपक कुमार को लूट गए 40हजार रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो बाइक के साथ गत 19 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने बताया कि कांड के अनुसंधान व घटनास्थल पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से नासरीगंज थाना क्षेत्र के बरडीहा निवासी राहुल उपाध्याय उर्फ बाबा की भी संलिप्त पाई गई थी ।इसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। सोमवार रात उसके राजपुर मार्ग से नासरीगंज आने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा राहुल को चोरी के एक शिफ्ट डिजायर कार बीआर01 इबी 7347 के साथ गिरफ्तार किया गया ।कार को जब्त किया गया है ।इस संबंध में अलग से नासरीगंज थाना में प्राथमिकी किया गया है ।इसकी भी जांच की जा रही है।


एसपी ने बताया कि गिरफ्तार राहुल पर डकैती ,लूट के नासरीगंज में दो , कच्छवा,दिनारा,सूर्यपुरा, अकोदी गोला,सासाराम थाने में मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबाव में इस डकैती में शामिल नासरीगंज थाना के बरडीहा निवासी अरुण नट उर्फ मुटर नट ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

एसपी ने बताया कि इस कांड में फरार चल रहे अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से बचीं सैकड़ों जान

### अप ट्रैक पर दो फिश प्लेटों को खुला पाया गया

एजेंसी



**पटना :** बिहार में झाझा-जसीडीह रेलखंड पर बीती देर रात एक बजे रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से सैकड़ों लोगों की जान बच गई । पूर्वी रेलवे के झाझा-जसीडीह रेलखंड पर रेलवे की सतर्क पेट्रोलिंग टीम ने अप ट्रैक पर दो फिश प्लेटों को खुला पाया गया।

रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी सूरज वर्मा और चंद्रिका यादव ने किलोमीटर संख्या 344/17-19 के पास ट्रैक की गड़बड़ी को देखा। उन दोनों ने देखा कि एक फिश प्लेट पूरी तरह खुली हुई थी, जबकि दूसरी के नट-बोल्ट ढीले थे। उन्होंने बिना देर किए विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिससे समय रहते ट्रैक की मरम्मत की जा सकी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए 13,185 अप सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस को 45 मिनट तक रोका गया। इस दौरान रेलवे कर्मियों ने तेजी से ट्रैक की मरम्मत की और सुनिश्चित किया कि कोई तकनीकी दिक्कत न रहे। एईएन जसीडीह पिंटू दास ने बताया कि जांच जारी है कि फिश प्लेट प्राकृतिक रूप से खुली थी या किसी ने जानबूझकर इसे खोला था।

### 26 फरवरी बुधवार को होगी महाशिवरात्री का व्रत एवं पूजा : पंडित तरुण झा



एजेंसी

**सहरसा :** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बतलाया है कि हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार,भगवान शिव की पूजा करने के लिए यह दिन को सर्वोपरि माना जाता है, इस साल यह पर्व 26 फरवरी 2025 दिन बुधवार को हो रहा है। त्योहार सर्दियों के अंत का भी प्रतीक है और माना जाता है कि यह शिव और शक्ति के अभिसरण का भी दिन है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि महाशिवरात्रि को देवों के देव महादेव और जगत जननी माता पार्वती का विवाह हुआ था,अतः इस दिन का विशेष महत्व है, ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा बताते है की ये दिन "गौरोशंकर" विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए ।शिवरात्रि को जन्म जन्मांतर तक भ्रमित जीव मात्र को शिवआराधना पूजा से भय एवं शोक से मुक्ति मिलती है।

**'जन्तुजन्म सहस्त्रेषु भ्रमन्ते नात्र संशयः'।**

बाबा को पुष्प, बिल्वपत्र, भाँग,धतूरा एवं दूध से जरूर स्नान करवाये, संभव हो तो इस दिन रुद्राभिषेक भी करवाये। इसका फल अन्य दिनों के अपेक्षा काफी ज्यादा फलदाई है।

## अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोगों की मौत, नौ घायल

एजेंसी



**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के परसथुआ और चेनारी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में आज चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार चेनारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरैयां ओवरब्रिज के समीप सोमवार को हुए सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल के बाकुड़ा जिले से प्रयागराज जा रहे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एनएचएआइ व स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया। मृतकों में 48 वर्षीय हरी सरोदार व 65 वर्षीय बंशी मंडल शामिल हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सरैया ओवरब्रिज पर पहले से खड़े एक ट्रक में श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। घायलों में बेदु रुदस, सुसंतु दास, बाबू कारिंगा, तारक रुदस, बौसी डे, बौसी मंडल, सत्या किंकर मंडल, अरूप मंडल व समीर मंडल शामिल हैं। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने यातायात को नियंत्रित किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार के अनुसार घटना की जांच की जा रही है और उनके स्वजनों को सूचना दे दी गई है। घायलों का इलाज जारी है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

परसथुआ थाना क्षेत्र के शेख बहुआरा गांव के समीप आरा-मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर सौ मीटर के अंदर दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना रविवार की रात दस बजे की बताई जाती है, जिसमें लूना बाइक से परसथुआ की तरफ आ रहे सलथुआ निवासी 45 वर्षीय मुरतुजा अंसारी की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना सोमवार की सुबह सड़क किनारे टहल रहे शेख बहुआरा निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र सिंह कुशवाहा को स्कार्पियों ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही जान चली गई।

### गुड़िया मंडल ने बीमा भारती पर हत्या की साजिश और चोरी में शामिल होने का लगाया आरोप

एजेंसी



**पूर्णिया :** पूर्णिया जिले के रुपौली से पूर्व विधायक बीमा भारती के घर में हुई चोरी ने अब नया मोड़ ले लिया है। बीमा भारती के पति अवधेश मंडल की दूसरी पत्नी, गुड़िया मंडल ने इस घटना को महज चोरी नहीं, बल्कि हत्या की साजिश करार दिया है। गुड़िया मंडल ने भवानीपुर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि बीमा भारती और उनके भाई अशोक मंडल उनकी हत्या की योजना बना रहे थे। उनका कहना था कि चोरी के दिन ही उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और बीमा भारती और उनके भाई ने मिलकर उसे मारने की कोशिश की थी। गुड़िया ने पुलिस से अपनी सुरक्षा की मांग की है।

बीमा भारती के घर में यह चोरी 22 फरवरी को हुई थी, जब घर में कोई मौजूद नहीं था। चोरों ने घर से सोने-चांदी की ज्वेलरी, अष्टधातु की मूर्तियां और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। हालांकि, गुड़िया मंडल का कहना है कि चोरों का उद्देश्य उनकी हत्या करना था, लेकिन जब उन्हें घर में नहीं पाया, तो उन्होंने चोरी को अंजाम दिया।

## पलटू राम कहना इतना बड़ा अपराध नहीं है' सुनील सिंह ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा-'सत्यमेव जयते'

एजेंसी



**पटनाः** सदन में अशोभनीय बर्ताव के लिए बिहार विधान परिषद से निष्कासित राष्ट्रीय जनता दल के एमएलसी सुनील सिंह को राहत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी है. उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल यानी मिमिक्री करने पर निष्कासित कर दिया गया था. बता दें कि सुनील कुमार सिंह आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के करीबी माने जाते हैं.

आरजेडी नेता सुनील सिंह ने अपने पक्ष में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्टर जारी किया है जिसमें उन्होंने लिखा है 'सत्यमेव जयते'. सुनील सिंह के तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी भी ने उनका पक्ष रखा. सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में दलील दी कि पलटू राम कहना इतना बड़ा अपराध नहीं है, जिसके कारण किसी विधान परिषद के सदस्य की सदस्यता खत्म हो जाए.

सुनील सिंह के फेसबुक पोस्ट पर कमेंट की बाढ़ : सुनील सिंह के फेसबुक पेज पर एक यूजर ने लिखा कि 'यह सिर्फ सुनील सिंह की जीत नहीं है बल्कि लोकतंत्र की जीत है.' दूसरे यूजर लिखा 'पंगा नहीं लेने का, शेर की वापसी हो चुकी है.' कुछ यूजर इसे सुनील सिंह और राजद की जीत बताकर कमेंट कर रहे हैं. उन्होंने लिखा कि 'आखिर न्याय मिल ही गया...'. एक यूजर ने लिखा 'सत्यमेव जयते.' एक यूजर ने कहा कि 'यह एक ऐतिहासिक फैसला है. इसका परिणाम बहुत ही दूरगामी होगा.'

# चुनावी साल में नीतीश कुमार की बहार है, बिहार कैबिनेट की बैठक में 146 एजेंडों पर लगी मुहर

एजेंसी




**पटना :** बिहार कैबिनेट की बैठक में 146 एजेंडों पर मुहर लगी है. इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि प्रगति यात्रा से संबंधित 120 एजेंडा शामिल है. कई जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति दी गई है. मतलब साफ है कि फोकस विधानसभा चुनाव 2025 है.

नवादा में चार अरब 2 करोड़ 19 लाख से मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेगा. बांका में चार अरब दो करोड़ 31 लाख की लागत से मेडिकल कॉलेज बनेगा. औरंगाबाद में चार अरब 29 लाख की लागत से मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेगा. जहानाबाद में चार अरब दो करोड़ 19 लाख की लागत से मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेगा. कैमूर में चार अरब दो करोड़ 14 लाख की लागत से मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनेगा. पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक आईएस ठाकुर की संविदा अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ाई गई है.

दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई. मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में हुई बैठक में 146 एजेंडों पर मुहर लगी. आज कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा के दौरान दक्षिण बिहार के जिलों में की गई घोषणाओं से संबंधित कुल 120 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई.

दक्षिण बिहार के घोषणाओं से संबंधित 123 योजनाओं की विभाग स्तर से पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है. इन योजनाओं की कुल राशि 30 हजार करोड़ रुपए है. इसके पूर्व उत्तर बिहार की कुल 187 योजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति पिछली कैबिनेट की बैठक में दी जा चुकी है. इस प्रकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल 50 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति कैबिनेट द्वारा प्रदान कर दी गई है.

कहा जा रहा है कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार पूरी प्लानिंग के साथ जनता के बीच जाएगी. अपने किए गए और किए जा रहे कामों को गिनाएगी. ऐसे में बड़े-बड़े एजेंडों पर नीतीश सरकार मुहर लगा रही है. अब ये एजेंडा कितना कारगर होगा यह तो विधानसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद ही पता चलेगा.

## खबर संक्षेप

### सोने में 350 रुपए की मजबूती, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 350 रुपये बढ़कर 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई के पास जा पहुंचा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### एनटीपीसी और ईडीएफ इंडिया ने मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनपीटीसी और फ्रांस की इलेक्ट्रिसिटी डी फ्रांस (ईडीएफ) की इकाई ईडीएफ इंडिया ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ पंपयुक्त जल भंडारण और जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करने तथा वितरण कारोबार में अवसर तलाशने के लिए हाथ मिलाया है।

### रुपया चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच रुपया सोमवार को चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के स्थिर रहने से घरेलू मुद्रा में गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.58 प्रति डॉलर पर खुला और अंत में 86.72 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है।

### सरकार की बैंकों में हिस्सेदारी बेचने मर्चेंट बैंकरों की तलाश



**नई दिल्ली।** निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने में मदद के लिए मर्चेंट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित कीं। दीपम के आरएफपी (अनुरोध प्रस्ताव) के अनुसार मर्चेंट बैंकरों को तीन साल के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

### क्वालिटी पावर के शेयर की हुई सपाट शुरूआत



**नई दिल्ली।** ऊर्जा पारेषण उपकरण एवं बिजली प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालिटी पावर के शेयर ने सोमवार को बाजार में सपाट शुरुआत की और अपने निर्गम मूल्य 425 रुपये से करीब दो प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने निर्गम मूल्य से 1.65 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 432.05 रुपये पर बाजार में शुरुआत की।

### ग्लेनमार्क तीन इकाईयों का 70 लाख डॉलर में करेगी निपटारा



नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने सोमवार को कहा कि वह जेनेरिक दवाओं से संबंधित अमेरिका में मुकदमों का निपटारा करने के लिए तीन इकाइयों को 70 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 2023 में उसने तीन वादी समूहों के साथ समझौता किया था। चार अंतिम भुगतानकर्ता वादी- ह्यूमैन इंक, सेंटीन, कैसर फाउंडेशन हेल्थ प्लान और यूनाइटेड हेल्थकेयर सर्विसेज ने 2023 के समझौतों से बाहर निकलने का विकल्प चुना।

# ग्राहकों को समय से पहले लोन बंद करने पर मिलेगी राहत, आरबीआई की तैयारी जारी

नई दिल्ली

समय से पहले लोन बंद करने वाले ग्राहकों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बड़ा तोहफा देने वाला है। दरअसल, आरबीआई ने व्यक्तियों और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के बिजनेस लोन पर लगाए जाने वाले प्री-पेमेंट चार्ज को हटाने का प्रस्ताव रखा है।


- टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों व एनबीएफसी आएगे दायरे में

आरबीआई के ड्राफ्ट सर्कुलर में कहा गया, 'टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों और शुरुआती स्तर के एनबीएफसी के अलावा उसके दायरे में आने वाली इकाइयां व्यक्तियों और एमएसई कर्जदारों द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य के लिए गए फ्लोटिंग रेट लोन के प्री-पेमेंट पर कोई शुल्क/जुर्माना नहीं लगाएंगे।

## बिजनेस लोन पर लगाए जाने वाले प्री-पेमेंट चार्ज हटाने का प्रस्ताव

### प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ की कुल स्वीकृत सीमा लागू होगी

हालांकि, मझोले उद्यमों के मामले में ये निर्देश प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ रुपए की कुल स्वीकृत सीमा तक लागू होंगे। बता दें कि मौजूदा मानदंडों के अनुसार विनियमित संस्थाओं (आरई) की कुछ श्रेणियों को पर्सनल कर्जदारों द्वारा व्यवसाय के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्वीकृत फ्लोटिंग रेट टेन्योर लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज लगाने की अनुमति नहीं है।




### बिजनेस लोन में बढ़ोतरी

दूसरी ओर व्यापार, वित्त और पेशेवर/ अन्य सेवाओं के लिए बैंक ऋण 2024-25 की तीसरी तिमाही में तेजी से बढ़ा। आंकड़ों से पता चला कि सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों को ऋण दिसंबर 2024 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आरबीआई ने कहा कि बैंक ने ऋण राशि के आधे से अधिक पर आठ प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक ब्याज दर लगाई। लगभग 16 प्रतिशत ऋण आठ प्रतिशत से कम ब्याज दर पर थे। बाकी ऋण 10 प्रतिशत या उससे अधिक ब्याज दर पर दिए गए।

### बैंक लोन और बैंक जमा में गिरावट

इस बीच, आरबीआई ने बताया है कि बैंक लोन और बैंक जमा में अक्टूबर-दिसंबर के दौरान तिमाही आधार पर गिरावट आई है। सालाना बैंक लोन वृद्धि सितंबर 2024 तिमाही में 12.6 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 तिमाही में 11.8 प्रतिशत हो गई। इसी तरह जमा वृद्धि 11.7 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 11 प्रतिशत रही। कुल लोन में प्रमुख हिस्सा रहने वाले व्यक्तिगत ऋण की सालाना वृद्धि 13.7 प्रतिशत (एक तिमाही पहले 15.2 प्रतिशत) रही।

### राज्य के वैश्विक निवेश सम्मेलन इंवेस्ट मध्यप्रदेश का पीएम ने किया उद्घाटन

# अदाणी, एनटीपीसी, रिलायंस समेत कई कंपनियां चार लाख करोड़ निवेश करेगी मप्र में

भोपाल

गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी समेत 10 से अधिक कंपनियों ने सोमवार को मध्यप्रदेश में करीब चार लाख करोड़ रुपए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई।

अदाणी ने पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट-मीटर और तापीय ऊर्जा में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया, जबकि रिलायंस ने राज्य में जैव ईंधन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

### अदाणी राज्य में स्मार्ट सिटी व हवाई अड्डा पर करेगी निवेश

राज्य के वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान अदाणी ने एक नई स्मार्ट सिटी, एक हवाई अड्डा परियोजना और एक कोयला-गैसीकरण परियोजना में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'आज मुझे पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट मीटर और तापीय ऊर्जा के क्षेत्रों में 1,10,000 करोड़ रुपये से अधिक के नये निवेश की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। ये बहु-क्षेत्रीय निवेश 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेंगे।'

## अदाणी ने इसे मिल का पत्थर करार दिया

*अदाणी ने इन परियोजनाओं को 'मध्यप्रदेश के विकास की साझा यात्रा के मील के पत्थर' करार देते हुए कहा कि ये परियोजनाएं राज्य को औद्योगिक और आर्थिक तरक्की में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाएंगी। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा कि उनकी कंपनी, इसकी सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यमों में इसके भागीदार मध्यप्रदेश में दो गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।*

- अदाणी समूह ने कई क्षेत्रों में 1.10 लाख करोड़ निवेश का किया वादा
- रिलायंस जैव ईंधन परियोजनाओं पर 60,000 करोड़ निवेश करने प्रतिबद्ध
- निवेश से 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा होगी




*नवीकरणीय ऊर्जा पर 26,500 करोड़ होंगे निवेश :* मित्तल ने कहा,'हम अगले तीन से पांच वर्षों की अवधि में सौर, पवन, पंप स्टोरेज और बैटरी में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। अहमदाबाद स्थित टॉरेंट पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में राज्य में 26,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

*ओपीजी पावर राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम लगाएगी*

*ओपीजी पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और हाइबिड (एक ही जगह पर सौर और पवन) बिजली उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना में 13,400 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया।*

### पीएफसी राज्य को ऋण सहायता देगी

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आरईसी) ने राज्य में आगामी परियोजनाओं के लिए क्रमशः 26,800 करोड़ रुपये और 21,000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई।

### सनदेव नया डाटा सेंटर करेगा स्थापित

सनदेव रिन्यूएबल्स के संस्थापक सुनील जैन ने राज्य में 750 मेगावॉट का नया डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 4,330 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की इच्छा व्यक्त की। भोपाल में जारी दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के मंगलवार को आयोजित समापन समारोह में राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग कंपनियों की प्रतिबद्धताओं की पूरी सूची जारी किए जाने के बाद निवेश का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा।

## क्रेडिफिन छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 300 से अधिक लोगों की करेगी नियुक्ति

नई दिल्ली

- कंपनी इन राज्यों में परिचालन का विस्तार करेगी

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में परिचालन का विस्तार करेगी और अगले दो महीनों में 300 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। क्रेडिफिन 11 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में उपस्थिति के साथ, 150 से अधिक स्थानों पर काम करती है और 550 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। क्रेडिफिन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अपने विस्तार के हिस्से के रूप में, कंपनी इन राज्यों में कार्यबल की भर्ती कर रही है। कंपनी का लक्ष्य अगले दो महीनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 300 से अधिक लोगों को नियुक्त करना है। कंपनी महाराष्ट्र के नागपुर, मुंबई, नवी मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों और छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और कोरबा जैसे स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की योजना बना रही है। कंपनी मध्य प्रदेश में, विशेषकर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, नीमच और गुना जैसे शहरों में नए ऋण प्रस्ताव पेश करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी मध्य प्रदेश में अबतक वाहन कर्ज दे रही थी। अब वह आवास ऋण देने की तैयारी में है।

### वित्तीय सेवा बाजार में प्रमुख इकाई बनेगी

क्रेडिफिन लिमिटेड की सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा, "मध्य प्रदेश में आवास ऋण की शुरुआत के साथ-साथ महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हमारा विस्तार, भारतीय वित्तीय सेवा बाजार में प्रमुख इकाई बनने की हमारी यात्रा में मील का पत्थर है।"

## देश में पर्सनल कंप्यूटर की बिक्री बीते साल 3.8% बढ़ी

नई दिल्ली



- सालाना आधार पर बिक्री बढ़कर 1.44 करोड़ हुई

देश में 'पर्सनल कंप्यूटर' (पीसी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़कर 1.44 करोड़ हो गई। बाजार अनुसंधान कंपनी आईडीसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईडीसी इंडिया, दक्षिण एशिया और एएनजेड के एसोसिएट उपाध्यक्ष (उपकरण शोध) नवकेंद्र सिंह ने कहा कि कमजोर होते रुपये से उपकरण की लागत बढ़ सकती है, जिसका असर मूल्य-संवेदनशील एसएमबी (लघु और मध्यम व्यवसाय) और उपभोक्ता खंड पर पड़ सकता है। लेकिन सभी चुनौतियों के बावजूद, भारत के पीसी बाजार में 2025 में कम एकल अंक में वृद्धि देखने को मिलेगी। आईडीसी के अनुमानों के अनुसार, वार्षिक आपूर्ति में लगभग एक प्रतिशत और तिमाही आपूर्ति में 1.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 2024 में 30.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में सबसे आगे रही।

आईडीसी वर्ल्डवाइड क्वार्टरली पर्सनल कंप्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में लेनोवो और डेल क्रमशः 7.3 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 17.2 और 16.1 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ एचपी के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

### प्रीमियम नोटबुक की बिक्री 13.8 फीसदी बढ़ी

भारतीय पीसी बाजार में उपभोक्ता खंड में 2024 में 2.6 प्रतिशत और दिसंबर 2024 तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि प्रीमियम नोटबुक की बिक्री (1,000 डॉलर से अधिक कीमत) 2024 में सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत बढ़ी। वाणिज्यिक खंड में पिछले वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत और दिसंबर 2024 तिमाही में सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## यूफियस लर्निंग का घाटा कम होकर नौ करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी यूफियस लर्निंग का घाटा पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में कम होकर नौ करोड़ रुपये रह गया है। यूफियस लर्निंग की आमदनी इस दौरान बढ़कर 225 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि उसकी आमदनी में वृद्धि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद परिचालन दक्षता और वृद्धि से प्रेरित है। यूफियस लर्निंग के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित कपूर ने बताया कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 10 प्रतिशत की वृद्धि और मार्जिन में सुधार जारी रहने की उम्मीद है।कपूर ने कहा, 'हमने कंपनी में कई परिचालन दक्षता तंत्र शुरू किए जिससे मार्जिन में सुधार हुआ। हमारा राजस्व लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 225 करोड़ रुपये हो गया। हमारा घाटा लगभग 18 करोड़ से घटकर नौ करोड़ रुपये रह गया है।'

## भारतीय कंपनियों का राजस्व आठ फीसदी तक बढ़ने का अनुमान

- इक्रा ने चौथी तिमाही के लिए जारी किया अनुमान

नई दिल्ली




घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और सरकारी खर्च में तेजी के कारण भारतीय कंपनियों का राजस्व चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

इक्रा को उम्मीद है कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितताओं और भारत से वस्तु निर्यात पर दबाव के कारण निजी पूंजीगत व्यय सीमित रहेगा। इसके बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर जैसे कुछ उभरते क्षेत्रों और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे कुछ खंडों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। निजी निवेश को भारत सरकार की विभिन्न उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रमों से भी समर्थन मिलेगा।

*ग्रामीण मांग बेहतर रहने की उम्मीद : इक्रा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा, "ग्रामीण मांग वर्ष 2025 की पहली छमाही में बेहतर रहने की उम्मीद है, जिसे खरीफ की अच्छी फसल और चालू रबी सत्र के लिए अनुकूल अनुमानों से मदद मिलेगी। इसके अलावा, 2025 में सामान्य और अच्छी तरह वितरित मानसून भी महत्वपूर्ण है।"*


## अदाणी पावर को मिली विदर्भ पावर अधिग्रहण की मंजूरी...




**नई दिल्ली।** अदाणी पावर को सोमवार को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की समिति से मंजूरी मिल गई। वीआईपीएल दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक वीआईपीएल नागपुर स्थित एमआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में ताप बिजली संयंत्र का संचालन करती है। अदाणी पावर की समाधान योजना को आगे लागू करने की प्रक्रिया एलओआई (आशय पत्र) की शर्तों और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई की मंजूरियों के अधीन है। शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के मुताबिक, 'दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने अदाणी पावर की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में, एपीएल को 24 फरवरी, 2025 को समाधान पेशेवर से आशय पत्र मिला।'

## एफआईआई की पूंजी निकासी से सेंसेक्स 75 हजार से नीचे आया

मुंबई



- अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख रहा
- बीएसई सेंसेक्स में 856 अंक की गिरावट
- जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंता जारी

प्रमुख शेयर सूचकांकों में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 850 अंक से अधिक टूटकर 75,000 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी और जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 856.65 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूटकर 74,454.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 923.62 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 242.55 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,553.35 पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,542.45 अंक गिर चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा स्टील और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, नेस्ले और आईटीसी बढ़त के साथ बंद हुए। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने इक्विटी बाजारों से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इसके साथ ही 2025 में कुल निकासी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

*बाजार अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका से चिंतित : मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "बाजार अमेरिका के उच्च जवाबी शुल्क लगाने की आशंका से अधिक चिंतित है, जिसका असर भारत सहित विकासशील देशों पर पड़ सकता है।*

### निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट से निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 2.34 लाख करोड़ रुपये घट गई, जो सोमवार को हुए 4.22 लाख करोड़ रुपये के नुकसान से कम है। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में दो मौकों पर निवेशकों की संपत्ति बढ़ी। सोमवार को बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,22,983.08 करोड़ रुपये घटकर 3,97,97,305.47 करोड़ रुपये रह गया।

### दिवालियापन से जूझ रही आस्ट्रेलियन कंपनी केटीएम

# आस्ट्रेलिया की केटीएम में बजाज 1362 करोड़ रुपए करेगी निवेश

नई दिल्ली

ऑस्ट्रिलियाई बाइक विनिर्माता केटीएम को दिवालियेपन से बचाने के लिए बजाज ऑटो कंपनी में 1,362 करोड़ रुपए निवेश करेगी।

- बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग की केटीएम में 49.9 फीसदी हिस्सेदारी

इस बात की जानकारी कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में दी है।

बजाज ऑटो, केटीएम की को-ऑनर है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, बजाज ऑटो अपनी सब्सिडियरी बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स में 150 मिलियन यूरो का निवेश करने के लिए तैयार है। बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स के पास दिवालियेपन से जूझ रही केटीएम में 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### डेट रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस 25 फरवरी को समाप्त होगी

यह निवेश इक्विटी/प्रेफरेंस शेयर/कर्ज या किसी और माध्यम से किया जाएगा। निवेश के तरीके पर समय के साथ फैसला लिया जा सकता है। केटीएम की डेट रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस 25 फरवरी को समाप्त हो रही है। 13 नवंबर 2024 को पियरर मोबिलिटी ने केटीएम एजी में पुनर्गठन और अतिरिक्त लिक्विडिटी की जरूरतों की घोषणा की थी।

### दोनों कंपनी फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग पर सहमत

पियरर मोबिलिटी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा था, 'बोर्ड वर्तमान में केटीएम- एजी के फाइनेंस को सुरक्षित करने पर काम कर रहा है। इसके लिए मुख्य शेयरहोल्डर पियरर बजाज एजी और मौजूदा वित्तीय लेनदारों दोनों के साथ चर्चा चल रही है। इसका उद्देश्य फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग पर सहमत होना है।'

### निवेश करने की मंजूरी मिली

कंपनी ने फाइलिंग में कहा, 'हम निवेशकों को सूचित करना चाहते हैं कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 21 फरवरी 2025 को हुई अपनी मीटिंग में बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी में एक या उससे ज्यादा किस्तों में 150 मिलियन यूरो तक निवेश करने की मंजूरी दी है।'

### 2024 में किया आवेदन

पियरर बजाज एजी, बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी और पियरर इंडस्ट्री एजी का एक जॉइंट वेंचर है। पियरर मोबिलिटी एजी में इसकी 74.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसके पास चीन में केटीएम, गैसगैस, हुस्कवर्ना और एसएफमोट जैसे मोटरसाइकिल ब्रांड हैं। पियरर मोबिलिटी ने 29 नवंबर 2024 को दिवालियापन के लिए आवेदन किया था।

# शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

### पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'




**पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर**

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

### हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान




**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

---

## खबर संक्षेप



### मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

### यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।



पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं। मुझे राकेश का इस बार मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।'

### दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

**बेंगलुरु।** बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी।

### गिल भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान : बांगड़

**दुबई।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था। बांगड़ ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।'

---

### भारत से हार पर शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक ने उठाए सवाल

# मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

कराची

एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा।




### अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया

हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंटेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'



### कठोर कदम उठाने की जरूरत : अकरम

दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमें कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अब बहुत हो गया है! हम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्षों से उन्हीं खिलाड़ियों के साथ हार रहे हैं। अब समय आ गया है कि साहसिक कदम उठाया जाए और निडर क्रिकेट खेलने वाले युवा खिलाड़ियों को लाया जाए।



### रिजवान कप्तानी के लायक नहीं



सिर्फ वसीम अकरम ही नहीं, मोहम्मद आमिर, अहमद शहजाद और राशिद लतीफ जैसे पूर्व दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी रिजवान को कप्तान बनाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। 'हारना मना है' शो पर इन तीनों ने कहा कि वह रिजवान को एक कप्तान के तौर पर नहीं देखते हैं। शहजाद ने तो टीम में गुटबाजी का भी आरोप लगाया और कहा कि सात-आठ खिलाड़ियों का एक ग्रुप है, जिसका बाबर और रिजवान हिस्सा हैं। ये आपस में फैसला करते हैं कि कौन कप्तान बनेगा। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखता है तो वह उसे बाहर करने पर तुल जाते हैं।

### 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'







मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक ने भी पाकिस्तान की हार पर प्रतिक्रिया दी है। मलिक ने तो गाना गाया, 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'। इस शो में हफीज और मलिक के साथ सना मीर और शोएब अख्तर भी शामिल हुए। मलिक और हफीज ने कहा कि पाकिस्तान में टैलेंट की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें कोई सही रास्ता दिखाने वाला नहीं है। हफीज और मलिक ने कहा कि पाकिस्तान टीम में प्लानिंग की कमी है। वहीं, सना मीर ने भी 'अब तो आदत सी है हमको ऐसे जीने में...' गाया। सना मीर ने कहा- जब लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे तो मेरे एक दोस्त का मैसेज आया कि लगता है हम अब मैच हार जाएंगे। मैंने कहा कि हम तब ही हार गए थे जब टीम का चयन हुआ था।

---

**रिएक्शन**

## पाकिस्तान के हारने के बाद दादा-पोते ने तोड़ दिया टीवी

कराची

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पांचवां मुकाबला 23 फरवरी 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेला गया। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए पाक टीम को यह मैच जितना बेहद जरूरी था। मगर रिजवान एंड कंपनी छह विकेट के बड़े अंतर से हार गई। जिसके बाद पाकिस्तानी क्रिकेट प्रेमी काफी गुस्से में नजर आए। वहां के चर्चित यूट्यूबर शोएब चौधरी ने लोगों से बातचीत करते हुए एक वीडियो साझा किया है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक क्रिकेट प्रेमी गुस्से में अपने टीवी को तोड़ता हुआ नजर आ रहा है।

रियल एंटरटेनमेंट टीवी नाम के अकाउंट से साझा किए गए वीडियो में शोएब को कहते हुए सुना जा सकता है, 'वो भाई एक मिनट मेरी बात सुनो। क्या मसला हो गया आपको? एक मिनट वोय एक मिनट तो मेरी बात सुनो। क्या हुआ है। क्या हुआ है? ऐसे नहीं करो। बस... बस ... बस ऐसे नहीं करो। इधर कितने लोग खड़े हैं। तमाशा बनेगा। आपको चोट लग जाएगी।' साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि शोएब चौधरी के लाख समझाने के बावजूद नौजवान युवक उनकी बात को नहीं सुनता है और पलक झपकते ही टीवी को डंडे से पीट-पीटकर चकनाचूर कर देता है। इस दौरान उसके दादा को भी इस कार्य में हाथ बंटाते हुए पाया गया। बुजुर्ग शख्स ने डंडे से तो नहीं बल्कि ईंट के वार से टीवी पर अपना गुस्सा निकाला।




### घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाना अच्छा लेकिन खिलाड़ियों को भी मिले आराम



**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का समर्थन किया है लेकिन उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया है ताकि खिलाड़ियों को थकान नहीं हो। पिछले साल अपने करियर को अलविदा कहने वाला यह खिलाड़ी मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के चार 'टूर्नामेंट दूत' में से एक के रूप में यहां मौजूद है। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। धवन मैच देखने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गए।

---

**चैंपियंस ट्रॉफी**

## रविंद्र और ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया




रावलपिंडी

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट के बाद रचिन रविंद्र के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश की इस हार के साथ उसके अलावा मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि भारत ने अंतिम चार में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड और भारत दोनों के समान दो-दो मैच में दो जीत से चार-चार अंक हैं। न्यूजीलैंड (प्लस 0.863) हालांकि भारत (प्लस 0.647) से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने अब तक अपने दोनों मुकाबले गंवाए हैं और उनके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के 237 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र की 105 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 112 रन की पारी और टॉम लैथम (55 रन, 76 गेंद, तीन चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 129 रन की साझेदारी से 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर जीत दर्ज की। रविंद्र ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (30) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। बांग्लादेश की टीम इससे पहले ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल (26 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के (48 रन देकर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 55 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 15 रन के स्कोर तक ही फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज विल यंग (00) और केन विलियमसन (05) के विकेट गंवा दिए।

### सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।' बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।



## महिला प्रीमियर लीग :एकलेस्टोन ने सुपर ओवर में यूपी वारियर्स को आरसीबी पर जीत दिलाई

बेंगलुरू

सोफी एकलेस्टोन ने विषम परिस्थितियों में बल्ले से तूफानी पारी खेलने के बाद सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की जिससे यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां वापसी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को हरा दिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने चिनेले हेनरी (04) का विकेट गंवाकर किम गार्थ के ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाए। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना और रिचा घोष इसके जवाब में एकलेस्टोन के ओवर में चार रन ही बना सकीं जिससे उनकी टीम को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आरसीबी के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स ने सोफी एकलेस्टोन (33 रन, 19 गेंद, चार छक्के, एक चौका) और श्वेता सहरावत (31) की पारियों की बदौलत 11वें ओवर में 93 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद 20 ओवर में 180 रन बनाकर मुकाबले को टाई करके सुपर ओवर में खींचा। एकलेस्टोन पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं। कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और किरण नवगिरे (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। आरसीबी की ओर से स्नेह राणा (27 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि रेणुका सिंह (36 रन पर दो विकेट) और किम गार्थ (40 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इससे पहले एलिस पैरी की 56 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 90 रन की पारी और डैनी व्याट हॉज (57 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 180 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा हालांकि आरसीबी की कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाएं। सलामी बल्लेबाल किरण नवगिरे ने 12 गेंद में 24 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन रेणुका ने तीसरे ओवर में उन्हें बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। रेणुका ने दूसरी सलामी बल्लेबाज दिनेश वृंदा (14) को भी कप्तान स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराया जबकि स्नेह ने कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और ताहलिया मैकग्रा (00) को पवेलियन भेजकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 72 रन किया।

---

### राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना

# तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।




### खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।


### यूपी और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने जीता दिल

*प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा और कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। पीएम ने कहा कि इस बार किशोर चैंपियंस ने भी हैरान किया। निशानेबाज गेविन (15 साल), यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी अनुष्का (16) व मप्र के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा (19) ने साबित किया कि भारत में खेलों का भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है।*

# दिल्ली विस सत्र : सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा, शराब नीति से दो हजार करोड़ का घाटा, 21 आप विधायक तीन दिनों के लिए निलंबित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने आज मंगलवार को हंगामा कर रहे आम आदमी पार्टी के हंगामे के कारण उसके 21 विधायकों को तीन दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है. अब विपक्षी आम आदमी पार्टी के 21 विधायक सोमवार तक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पायेंगे अमानतुल्लाह खान आज विधानसभा में अनुपस्थित थे इस कारण निलंबन से बच गये.



**आतिशी समेत आप विधायकों ने विस परिसर में प्रदर्शन किया**

दिल्ली विधानसभा से निलंबित नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया. एक खबर और कि दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही तीन दिनों के लिए बढ़ा दी गयी है. विधानसभा की आज की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई. उपराज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही आम आदमी पार्टी के विधायक हंगामा करने लगे. इसके बाद स्पीकर ने आतिशी समेत आप के विधायकों को विधानसभा से बाहर कर दिया.

**एलजी के अभिभाषण के दौरान उन्होंने बेहद असंवैधानिक व्यवहार किया**

स्पीकर विजेंदर गुप्ता ने कहा, सीएजी रिपोर्ट पेश हो चुकी है. सभी सदस्य इस पर चर्चा चाहते हैं. चर्चा 27 फरवरी को भी जारी रहेगी. बाद में इसे आगे की कार्रवाई के लिए लोक लेखा समिति के पास भेजा जायेगा. कहा कि भविष्य में सीएजी रिपोर्ट के अन्य खंड भी पेश किये जायेंगे. विधानसभा में हंगामे के बाद आप विधायकों के निलंबन पर कहा कि एलजी के अभिभाषण के दौरान उन्होंने बेहद असंवैधानिक व्यवहार किया. सदन की गरिमा बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है. उनका व्यवहार निंदनीय है. कहा कि उनका निलंबन तीन बैठकों 25, 27 और 28 फरवरी तक किया गया है.

**सीएम रेखा गुप्ता ने शराब घोटाले पर सीएजी की रिपोर्ट पेश की**

दिल्ली विधानसभा में पेश नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में दिल्ली की आबकारी नीति और शराब की आपूर्ति से जुड़े नियमों के कार्यान्वयन में गंभीर खामियां सामने आयी है. रिपोर्ट के अनुसार कई अनियमितताओं के कारण सरकार को लगभग 2,026.91 करोड़ का नुकसान हुआ. इस घोटाले को लेकर आज कई बड़े खुलासे कैग की रिपोर्ट में हुए हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि गलत फैसलों की वजह से सरकार के राजस्व को भारी नुकसान झेलना पड़ा. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शराब घोटाले पर सीएजी की रिपोर्ट पेश की है.

**शराब लाइसेंस जारी करने में नियमों का उल्लंघन**

कैग की रिपोर्ट के अनुसार आबकारी विभाग ने लाइसेंस जारी करने के संदर्भ में नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया. दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 35 कहता है कि एक ही व्यक्ति या कंपनी को अलग-अलग प्रकार के लाइसेंस (थोक, खुदरा, होटल-रेस्तरां) नहीं दिये जा सकते. जांच में पाया गया कि कुछ कंपनियों को एक साथ कई प्रकार के लाइसेंस दिये गये.

**आबकारी विभाग ने बिना जरूरी जांच किये ही लाइसेंस जारी कर दिये**

कई मामलों में आबकारी विभाग ने बिना जरूरी जांच किये ही लाइसेंस जारी कर दिये. वित्तीय स्थिरता, बिक्री और कीमतों से जुड़े दस्तावेज, अन्य राज्यों में घोषित कीमतें, और आवेदकों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को दरकिनार किया गया. कुछ कंपनियों ने शराब व्यापार में कार्टेल बनाने और ब्रांड प्रमोशन के लिए अपनी हिस्सेदार छुपाने के लिए प्रॉक्सी मालिकाना हक का सहारा लिया. रिपोर्ट के अनुसार थोक विक्रेताओं को शराब की फैक्ट्री से निकलने वाली कीमत तय करने की स्वतंत्रता दी गयी.

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान को पुलिस पर हमला मामले में कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लोक सेवकों के काम में बाधा डालने से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस शर्त पर उनकी जमानत मंजूर की कि वह 25,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करेंगे। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को जामिया नगर इलाके में हुई एक घटना को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन पर हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में दिल्ली पुलिस टीम पर हुए हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया था। खान, जो आधिकारिक कर्तव्यों में बाधा डालने के आरोपों पर कानूनी परेशानी का सामना कर रहे थे, को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा मिली, जिससे उन्हें तत्काल हिरासत से राहत मिली। हालांकि, राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया और कानूनी कार्यवाही के तहत उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने खान से पूछताछ करने और यह पता लगाने के लिए उनकी हिरासत मांगी थी कि क्या वह भी कथित हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और गवाहों के बयान भी अदालत के रिकॉर्ड पर रखे।




# कैग रिपोर्ट पर दिल्ली में बवाल, आतिशी ने एलजी-ईडी और सीबीई को ठहराया गुनहगार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व सीएम और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, सीएजी रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर दिल्ली में नई आबकारी नीति सही तरीके से लागू होती तो दिल्ली की आबकारी रेवेन्यू 4108 करोड़ 8911 करोड़ तक पहुंच जाता. केवल एक साल में. एक खराब पॉलिसी को हटाकर एक अच्छी पॉलिसी लाई गई, जिसका सही तरीके से इंप्लीमेंटेशन नहीं किया गया, जिससे 8911 करोड़ का सरकार के खजाने तक नहीं पहुंच पाया. आतिशी ने पूछा, इस पॉलिसी की इंप्लीमेंटेशन को तीन लोगों ने रोकी, जो इसके गुनहगार हैं. एक तो बीजेपी के एलजी, ईडी और सीबीआई.



**आप सरकार ने पुरानी नीति को हटाकर सही निर्णय लिया : आतिशी**

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, आज दिल्ली विधानसभा में आबकारी ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई. इसके सात अध्याय 2017-21 की आबकारी नीति पर हैं और एक अध्याय नई आबकारी नीति पर है. दिल्ली सरकार ने पुरानी आबकारी नीति की खामियों और भ्रष्टाचार को दिल्ली की जनता के सामने उजागर किया था. उस नीति के तहत हरियाणा और यूपी से अवैध रूप से शराब लाई जाती थी. यह रिपोर्ट उसी बात को दोहरा रही है जो हमने कहा था कि पुरानी नीति के कारण दिल्ली की जनता को नुकसान हो रहा है. इस नीति से यह स्पष्ट होता है कि अअढ सरकार ने पुरानी नीति को हटाकर सही निर्णय लिया.

**कैग रिपोर्ट ने हमारी बातों को पुख्ता किया : आतिशी**

कैग रिपोर्ट पर पूर्व सीएम और दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, इस रिपोर्ट ने हमारी बात को पुख्ता कर दिया है. शराब की कितनी बिक्री हो रही है, इसमें भ्रष्टाचार है. यह रिपोर्ट बताती है कि 28 प्रतिशत से ज्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदार कर रहे थे और पैसा दलालों की जेब में जा रहा था। यह रिपोर्ट बताती है कि शराब की कालाबाजारी हो रही थी और सबको पता था कि शराब के ठेके किस पार्टी के लोगों के पास हैं. शराब ठेकेदारों ने लागत मूल्य की गलत गणना करके मुनाफा कमाया. दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा, ह्वविपक्ष को पता था कि सीएजी रिपोर्ट आने वाली है, इसलिए उन्होंने कल से ही माहौल बनाना शुरू कर दिया.

# स्पेशल इंवेस्टिगेशन सेल करेगी यूपीआरएनएन में रु 130 करोड़ के घोटाले की जांच, देहरादून में 6 मुकदमे दर्ज

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश निर्माण निगम के कामों में 130 करोड़ रुपए के घोटाले सामने आए हैं. इस मामले में देहरादून के नेहरू कॉलोनी थाने में 6 मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं. अब इन मामलों को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन सेल को ट्रांसफर कर दिया गया है. नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने पर्यटन विभाग, आईटीआई, दून मेडिकल कॉलेज समेत अन्य सरकारी परियोजनाओं में पैसों की हेराफेरी, निर्माण कार्यों में गड़बड़ी और धन के दुरुपयोग के मामलों में 130 करोड़ की वित्तीय अनियमिताएं और गबन के संबंध में मुकदमे दर्ज किए हैं. साथ ही पुलिस को मामले में अधिकारियों की विभागीय जांच की रिपोर्ट का इंतजार है. देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने स्पेशल इंवेस्टिगेशन सेल को निर्देशित किया है कि सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए. बता दें कि, साल 2012 से 2018 के बीच उत्तराखंड सरकार ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) को प्रदेश में आईटीआई संस्थानों के भवन, डिजास्टर रिलीफ सेंटर के निर्माण कार्य, पर्यटन विभाग के निर्माण कार्य, बैकअप एनर्जी प्रोजेक्ट और दून मेडिकल कॉलेज के ओपीडी ब्लॉक भवन के निर्माण के साथ अन्य कई करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट दिए थे. आरोप है कि इन्हीं 6 सालों में निर्माण निगम के तत्कालीन अधिकारियों ने लेखा अधिकारी के साथ मिलकर करीब 130 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला कर दिया. इस घोटाले की भनक जब उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को लगी तो पूरे प्रकरण की विस्तृत विभागीय जांच साल 2019 में शुरू हुई. तब सहायक लेखाधिकारी को तत्काल बर्खास्त भी कर दिया गया था. विभागीय जांच में यह बात सामने आई थी कि निगम के तत्कालीन अधिकारियों ने मनमाने ढंग से निर्माण कार्यों के नाम पर जमकर लूट की.

# महाकुंभ : स्नान करने वालों का आंकड़ा 64 करोड़ के करीब, सपा-कांग्रेस पर बरसे योगी, ईशा अंबानी ने लगाई डुबकी

एजेंसी

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ का मंगलवार को 44वां दिन है. अभी भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है. यहां महाशिवरात्रि की खास तैयारी की गयी है. दोपहर दो बजे तक 83.53 लाख श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे. महाकुंभ की शुरूआत से अब तक कुल स्नान करने वालों का आंकड़ा 63.36 करोड़ के पार चला गया है. आज भी संगम आने-जाने वाले सभी रास्तों पर भारी भीड़ दिखाई दे रही है. खबर है कि कल महाशिवरात्रि पर पीएम नरेंद्र मोदी महाकुंभ का समापन करेंगे. आज शाम छह बजे से पूरा मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है.



**सपा और कांग्रेस केवल भारत को बदनाम करना चाहती हैं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में समाजवादी पार्टी पर हमलावर होते हुए कहा, आप लोगों ने प्रयागराज को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. आप प्रयागराज के बारे में दुष्प्रचार कर रहे थे. जिसकी जैसी दृष्टि वैसी उसकी सृष्टि. कुछ लोग संसद में कह रहे थे कि महाकुंभ में हजारों लोग मारे गये हैं, लेकिन महाकुंभ के दौरान 28,000 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने का काम किया गया है. आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस केवल भारत को बदनाम करना चाहती है. उनकी लड़ाई भाजपा के खिलाफ हो सकती है, लेकिन कभी-कभी भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए वे भारत के खिलाफ हो जाते हैं.

**हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू महाकुंभ पहुंचे**

आज मुकेश अंबानी की पुत्री रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी प्रयागराज पहुंची. उन्होंने अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और प्रार्थना की. इसके अलावा भाजपा नेता नूपुर शर्मा ने भी महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और हर हर महादेव का उदघोष किया. इस क्रम में आज हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे. संगम में स्नान किया. उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा एहसास है.

# लोकसभा में कम हो सकती है तमिलनाडु की सीटें, बेचैन सीएम स्टालिन ने बुलाई सर्वदलीय बैठक




एजेंसी

**बेंगलुरु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने परिसीमन के विवादास्पद मुद्दे पर चर्चा के लिए 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें चेतावनी दी गई कि राज्य एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां उसे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध करना होगा। उन्होंने घोषणा की कि चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत 40 राजनीतिक दलों को निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन के निहितार्थ पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठक में आमंत्रित किया गया था, जिसे उन्होंने ₹तमिलनाडु पर लटकती तलवार₹ बताया। कैबिनेट बैठक के बाद बोलते हुए, स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया कि तमिलनाडु की परिवार नियोजन नीतियों के सफल कार्यान्वयन ने अब राज्य को नुकसान में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि यदि जनसंख्या जनगणना के आधार पर परिसीमन लागू किया जाता है, तो तमिलनाडु आठ सांसदों को खो देगा। इससे तमिलनाडु को संसद में प्रतिनिधित्व खोना पड़ेगा। परिसीमन से परे, बैठक तीन-भाषा मुद्दे और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) पर भी चर्चा करेगी। स्टालिन ने केंद्र सरकार पर उन गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया जो एक और भाषा युद्ध को फिर से भड़का सकती हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) इस तरह के कदमों का विरोध करने के लिए तैयार है।

# कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा: खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है. खड़गे ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है.



उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है. खड़गे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि आपका 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है. इससे पहले, राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि दोनों संविधान के खिलाफ हैं. कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है. एक तरफ कांग्रेस पार्टी संविधान में विश्वास करती है और इसके लिए लड़ रही है. दूसरी तरफ आरएसएस और भाजपा जो भारतीय संविधान, बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और इसे खत्म करना चाहते हैं. भारतीय संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि भारत की हजारों साल पुरानी सोच है. इस संविधान में भारत के महान व्यक्तियों की आवाज और सोच है.

### महाशिवरात्रि पर तय होगी केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि, अभी बर्फ के आगोश में है केदारपुरी

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)।** विश्व विख्यात केदारनाथ धाम बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है. केदारनाथ धाम उत्तराखंड के चार धामों में से एक और पंच केदार में प्रथम केदार के रूप में पूजा जाता है. शीतकाल में केदारनाथ धाम में बर्फबारी होने के बाद कपाट 6 महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं. जबकि, शीतकालीन पूजा-अर्चना शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में संपन्न की जाती है. वहीं, महा शिवरात्रि पर्व पर केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि तय की जाएगी. इन दिनों केदारनाथ धाम के कपाट बंद हैं. पूरी केदारपुरी इन दिनों बर्फ की सफेद चादर से ढकी हुई है. धाम में समय-समय पर बर्फबारी हो रही है. इस वक्त केदारपुरी में सन्नाटा है. जल्द ही कपाट खुलते ही बाबा का धाम भक्तों से गुलजार हो जाएगा. अभी बाबा की पूजाएं ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में हो रही हैं. महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर विद्वान आचार्य भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने का दिन तय करेंगे. महाशिवरात्रि के महापर्व पर केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग की मौजूदगी में भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने का दिन तय होगा. इसके साथ ही बाबा केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से केदारनाथ धाम जाने का दिन भी निकाला जाएगा. शिवरात्रि को लेकर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है.

# रायपुर कांग्रेस दफ्तर में ईडी की रेड, चरणदास महंत ने बोला सरकार पर हमला

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में ईडी ने मंगलवार को दबिश दी. ईडी की टीम कांग्रेस भवन पहुंची. इस टीम में कुल चार सदस्य थे. ईडी टीम ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह से बंद कमरे में पूछताछ की. हालांकि इस मामले को लेकर ईडी ने कोई जानकारी नहीं दी है, कि छापे के दौरान क्या मिला, किस तरह की कार्रवाई की गई. इस रेड के एक्शन से कांग्रेस में हड़कंप है. इस रेड की कार्रवाई की जानकारी नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मिली. पत्रकारों ने इस बात की जानकारी उन्हें दी, जैसे ही उन्हें जानकारी मिली वह चौंक गए. उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है.



मुझे इस घटना की जानकारी अभी नहीं है इसकी जानकारी आप पत्रकारों से ही हमे लगी है. अब राजीव भवन जाकर इससे संबंधित विस्तृत जानकारी लेंगे. साल भर से छापे ही पड़ रहे हैं. इनके छापे पड़ते हैं और ये हमारे नेताओं को जेल में डाल देते हैं. हमारे नेता जेल में पड़े रहते हैं ,बाद में देवेंद्र यादव की तरह छूट जाते हैं. 3 महीने 6 महीने जेल में डाल लो , लेकिन उनके खिलाफ कुछ साबित नहीं कर पाते हैं, यह हमारे लिए दुख की बात है- चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे लोगों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है. हमारे लोगों के खिलाफ उनके पास कोई सबूत नहीं है, सिर्फ परेशान करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है. हमारे विधायक कवासी लखमा को भी जेल में डाल दिया गया है. उनके बारे में पुलिस को को जानकारी नहीं है. अब तक पुलिस कुछ भी पेश नहीं कर पाई है. सिर्फ विरोधियों को प्रताड़ित करने के लिए वे अपने बल का प्रयोग कर रहे हैं.

# पाकिस्तान : उच्चतम न्यायालय 28 फरवरी को इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई करने का निर्णय लिया है। मीडिया की खबरों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इमरान खान ने नौ मई की हिंसा और पिछले साल हुए आम चुनावों में कथित धांधली की न्यायिक जांच की मांग के लिए याचिका दायर की थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इमरान खान ने नौ मई की हिंसा की जांच के लिए दिसंबर 2024 में याचिका दायर की थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से नौ मई 2023 को अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे। इमरान के समर्थकों ने जिन्ना हाउस (लाहौर कॉर्प्स कमांडर का घर) और फैसलाबाद स्थित आईएसआई कार्यालय सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी।



इमरान का आरोप है कि नौ मई की घटनाओं को उनके राजनीतिक विरोधियों ने सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। इमरान खान का कहना है कि उन्हें हिंसा से जुड़े मामलों में राजनीतिक प्रतिशोध के कारण फंसाया गया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इमरान खान ने मार्च 2024 में उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की थी।

पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का दावा है कि पार्टी ने आठ फरवरी 2024 को हुए आम चुनावों में जीत दर्ज की थी, लेकिन बड़े पैमाने पर हुई धांधली के जरिए उसका जनादेश चुरा लिया गया। हालांकि, सरकार और चुनाव अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं। उन पर कई मामले दर्ज हैं और कुछ में उन्हें सजा भी सुनाई जा चुकी है। वर्तमान में वह रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं।

# 'मोहब्बत' की निशानी ताजमहल नंबर 1, हैदराबाद की धड़कन चारमीनार टॉप-10 में शामिल

एजेंसी

**हैदराबाद।** हैदराबाद के ऐतिहासिक स्थलों की लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, गोलकुंडा किला और चारमीनार देश के शीर्ष 10 सबसे अधिक देखे जाने वाले ऐतिहासिक स्थलों में शामिल हो गए हैं. इस साल घरेलू पर्यटकों की रिकॉर्डतोड़ संख्या ने हैदराबाद को सांस्कृतिक पर्यटन के मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित कर दिया है.



**ताजमहल सबसे ऊपर**


एएसआई के 2023-24 के आंकड़ों से पता चला है कि घरेलू पर्यटकों द्वारा सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्मारकों की सूची में गोलकुंडा किला 6 वें स्थान पर है. जबकि चारमीनार 9वें स्थान पर है. इस सूची में सबसे ऊपर आगरा का ताजमहल है. जिसे देखने के लिए 61 लाख से ज्यादा पर्यटक आए. कोविड के बाद हैदराबाद का पर्यटन उद्योग फिर से पटरी पर लौटा है.

**पटरी पर लौटा पर्यटन उद्योग**

ये आंकड़े तेलंगाना के पर्यटन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है. कोविड-19 महामारी के बाद से 30% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. हैदराबाद के समृद्ध इतिहास, स्वादिष्ट व्यंजनों और आधुनिक बुनियादी ढांचे के मिश्रण ने पर्यटकों को अपने सांस्कृतिक केंद्रों की ओर वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**हैदराबाद की धड़कन है चारमीनार**

पर्यटकों की बढ़ती संख्या और अपने ऐतिहासिक खजानों में नई रुचि के साथ, हैदराबाद भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर अपना स्थान पुनः सुनिश्चित कर रहा है. प्राचीन और आधुनिकता का एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत कर रहा है. गोलकुंडा किला शहर की शाही विरासत और सैन्य वास्तुकला का प्रमाण है।



# 'हिट: द थर्ड केस' का टीजर जारी...

**नई दिल्ली।** साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिट: द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला। नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

## लाइफ Style

# उर्वशी
## ओरी संग शादी को लेकर हो रही बात



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'डाकू महाराज' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म को लेकर उर्वशी लगातार विवादों में रहीं। यही नहीं, फिल्म से एक्ट्रेस के सभी सीन्स को डिलीट करने की खबरें भी सामने आई है बटोर रही हैं।

उर्वशी प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। उनका नाम क्रिकेटर ऋषभ पंत संग खूब चर्चा में रहा। इसी बीच अब उर्वशी का नाम एक फेमस इन्फ्लुएंसर संग जुड़ता नजर आ रहा है। यही नहीं, इनकी शादी की भी चर्चा हो रही है। डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का दिल किसी और पर नहीं, बल्कि बॉलीवुड के फेमस इन्फ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि यानी ओरी पर आया है। जी हां, आपने सही सुना ये ओरी ही हैं। सोशल मीडिया पर खबर आ रही है कि उर्वशी, ओरी से शादी करने वाली हैं। ओरी का नाम सुनते ही हर किसी को तगड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच कुछ कमेंट्स एक्सचेंज हुए हैं, जिससे फैंस इस बात का अंदाजा लगा रहे हैं कि वो शादी करने वाले हैं। बता दें कि बीते दिनों ओरी आदर जैन और अलेखा की शादी में गए थे। इस दौरान ओरी ने रेड कुर्ता और पायजामा में कई सारी फोटो क्लिक कराई, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। ओरी की इसी तस्वीर पर उर्वशी ने कमेंट किया। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए उर्वशी ने लिखा- इंतजार नहीं कर पा रही हूं, तुम्हारी शादी अटेंड करने का। इस पर ओरी ने कमेंट किया- मेरी या हमारी शादी?

## हॉलीवुड मसाला



# जैस्मीन वालिया पर टिकी नजरें

मुंबई। इंडियन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का तलाक हो चुका है। उनकी चार साल की शादी टूट चुकी है। उनका और एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का एक बेटा भी है। इस बीच उनका नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान जैस्मीन स्टेडियम में ही मौजूद थीं। उनका वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो फ्लाइंग किस दे रही हैं। अब एक बार फिर हार्दिक और जैस्मीन की डेटिंग की अफवाह उड़ रही है।



# सेफ फील करते हैं प्रियंका के साथ...

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 6 साल हो चुके हैं, और उनका ये रिश्ता वक्त के साथ और भी मजबूत होता जा रहा है। हाल ही निक ने बताया कि जब वह काम से थके-हारे घर वापस बीवी के पास लौटते हैं, तो उन्हें कितनी शांति मिलती है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को अपना 'रीचार्ज' बताया। साथ ही कहा कि प्रियंका उनकी सिर्फ पार्टनर नहीं हैं, बल्कि वो स्पेस हैं, जहां वह सुरक्षित महसूस करते हैं। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा हर कदम, हर मोड़ पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं, और सपोर्ट भी करते हैं। प्रियंका और निक आज ग्लोबल लेवल पर न सिर्फ पॉपुलर कपल बन चुके हैं, बल्कि उनके रिश्ते को भी एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है।



# कैटरीना ने खुद को माना भाग्यशाली


**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 समाप्ति की ओर है। इस बीच बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का प्रयागराज पहुंचना लगा हुआ है। कुछ वक्त पहले छावा एक्टर विकी कौशल संगम में स्नान करने पहुंचे थे। अब उनकी मां अपनी बहू कैटरीना को लेकर त्रिवेणी में डुबकी लगाने पहुंचीं। कटरीना ने मीडिया को बताया कि वह पूरा दिन प्रयागराज में रुकेंगी। परमार्थ निकेतन में स्वामीजी से बातें करेंगी और इसके महत्व के बारे में चर्चा करेंगी। कटरीना ने महाकुंभ में आने के अनुभव के बारे में मीडिया से कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इस वक्त यहां आ सकी। मैं बहुत खुश हूं। मैं आभारी हूं कि यहां आ सकी। यह बहुत सुंदर जगह है। मैं इस वक्त स्वामीजी के साथ हूं। उनसे बातें कर रही हूं, उनका आशीर्वाद ले रही हूं।



# 'मेरे ढोलना' गाने के दौरान हुई थी गलती

**मुंबई।** सोनू निगम देश के सबसे अच्छे गायकों में शुमार होते हैं। अपने एक दशक के कॅरियर में सोनू निगम ने बहुत सारे यादगार गाने गाए हैं। हाल ही में सोनू निगम बेंगलुरु में एक लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी वह अपने गाने 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करके बताया कि वह इस तरह से स्टेज पर रोना नहीं चाहते थे। सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में बताया है कि वह कैसे 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। उन्होंने कहा 'कुछ ऐसा माहौल बनता है कि लोग भी उससे जुड़ जाते हैं। आज पहली बार 'मेरे ढोलना' गाया। इसके बाद ऐसा माहौल बना कि बहुत एमोशनल हो गया। रोना आ रहा था! लेकिन सोचा कि चांस लेता हूं। गा ही नहीं पा रहा था। स्टेज पर कभी इतना नहीं रोया हूं।

## टीवी मसाला



# एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं गौतम और प्रेम..?

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। राही और गौतम के बीच जोरदार झगड़ा होगा और बात हाथापाई तक पहुंच जाएगी, वहीं अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि राही और प्रेम शादी से पहले अपनी-अपनी बेचलर्स पार्टी एन्जॉय करेंगे। राही जहां अपनी गर्ल गैंग के साथ धमाकेदार सेलिब्रेशन करेगी, वहीं दूसरी तरफ प्रेम अपने घर में बेचलर्स पार्टी करेगा।

# महादेव की भक्ति में लीन दिखीं



**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। बड़ी संख्या में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आ रहे हैं। फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं हैं। कई हीरो-हीरोइन भी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। आज सोमवार को अक्षय कुमार प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने संगम स्नान किया। इसके अलावा अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने महाकुंभ का जिक्र किया है। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। माथे पर चंदन लगाए दिख रही हैं। उनके गले में पुष्प माला है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'सभी रास्ते महाकुंभ की ओर जाते हैं। सत्यम शिवम् सुंदरम्'। उन्होंने हैशटैग में महाकुंभ और प्रयागराज लिखा है। प्रीति जिंटा के इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उत्तर प्रदेश में स्वागत है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इसलिए आप हमारी पसंदीदा अभिनेत्री हैं'। कुछ यूजर 'हर हर महादेव' का जयकारा लिख रहे हैं। प्रीति जिंटा ने त्रिवेणी में स्नान किया या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी है। प्रीति जिंटा साल 2013 में भी महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज पहुंची थीं। प्रीति जिंटा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे बॉलीवुड फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगी। इसमें वे सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।

# *पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ फिल्म करके भी फ्लॉप रहे, फिर गायकी से बनाया नाम...*

**नई दिल्ली।** 1950-60 के दशक का वह शख्स, जिसकी मखमली और रोमांटिक आवाज लोगों को मदहोश कर देती थी। गायकी ही नहीं, अभिनय की दुनिया में भी अपने कमाल के लिए जाने वाले तलत महमूद किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। संगीत की दुनिया में तलत महमूद एक ऐसा नाम है, जिनके गानें आज भी लोगों के जुबां पर हैं। संगीत के लिए इन्होंने परिवार तक को छोड़ दिया था। नूतन, सुरैया जैसे तमाम बड़े अभिनेत्रियों के साथ अभिनय की दुनिया में भी काम किया।


***संगीत का घोर विरोधी था इनका परिवार:*** यूपी राज्य के नवाबों के शहर लखनऊ में तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को हुआ। इनके परिवार वाले पुराने विचारों वाले थे, जो संगीत को बहुत खराब शौक मानते थे। तलत साहब का बचपन से ही संगीत में खास रूझान था, इस कारण उन्होंने अपने परिवार वालों को भी छोड़ दिया। संगीत करियर की शुरुआत महमूद साहब ने ऑल इंडिया रेडियो से की, जहां वह गजलों को गाया करते थे। मात्र 17 वर्ष की उम्र में तलक ने 1941 में अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, जो एक बंगाली गीत था 'सब दिन एक समान नहीं'।



### 50-60 के दशक में बॉलीवुड में लाई क्रांति

तलत महमूद ने 1944 में एक गाना गाया 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी', इस गाने ने तलत साहब को मशहूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी नाजुक और भावुक आवाज से बॉलीवुड के संगीत की दुनिया में क्रांति लाने का काम किया। महमूद साहब ने कई हिट्स गाने दिए जिसमें जाएं तो जाएं कहां, शाम-ए-गम की कस, हवा ये रात ये चांदन, फिर वही शाम वही गम, जैसे गानें शामिल हैं। उनकी आवाज में एक ठहराव था, एक गहराई थी, जो सीधे दिल को छू जाती थी। महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए।

***पद्म भूषण जैसे सम्मान किए हासिल :*** महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए। इस अमूल्य योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, लता मंगेशकर अवॉर्ड जैसे अवार्ड इन्होंने अपने नाम किए। तलत महमूद नौ मई 1998 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.